# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो से 10,000 करोड़ की व्यावसायिक लीड्स प्राप्त

लखनऊ। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 ने उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास और वैश्विक व्यापार को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाते हुए ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। इस आयोजन ने प्रदेश को वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने इस उपलब्धि को साझा करते हुए बताया कि इस बार ट्रेड शो में 4,25,268 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 48.91 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि उत्तर प्रदेश के उद्योगों की बढ़ती क्षमता और व्यापारिक अवसरों की पुष्टि करती है। प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री राकेश सचान ने बताया कि इस बार ठ2ठ (बिजनेस टू बिजनेस) और ठ2ब् (बिजनेस टू कस्टमर) क्षेत्रों में भी जबरदस्त उछाल देखा गया। इसमें 1,03,688 बिजनेस टू बिजनेस प्रतिभागियों और 3,21,580 बिजनेस टू कस्टमर प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो क्रमशः 42.84 प्रतिशत और 50.98 प्रतिशत की वृद्धि है। यह औद्योगिक विकास और राज्य की आर्थिक प्रगति के लिए सकारात्मक संकेत है। मंत्री सचान ने कहा कि इस साल के आयोजन में 2,500 से अधिक प्रदर्शकों ने अपने उत्पाद और सेवाओं का प्रदर्शन किया, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 2,000 थी। इस आयोजन में 70 से अधिक देशों के 500 से अधिक विदेशी खरीदारों ने भी हिस्सा लिया, जिससे राज्य के अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने में मदद मिली। खासतौर से वियतनाम जैसे देशों ने उत्तर प्रदेश के साथ व्यापारिक संबंधों को प्रगाढ़ किया है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 के दौरान 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की व्यावसायिक पूछताछ और लीड्स उत्पन्न हुई हैं, जो राज्य की आर्थिक प्रगति के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। राकेश सचान ने बताया कि इस आयोजन ने प्रदेश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का अवसर दिया है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति मिली है। यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2024 में केवल स्थापित उद्योग ही नहीं, बल्कि विभिन्न श्रेणियों के नए उद्योगों को भी शामिल किया गया है। इस बार रक्षा निर्माण, ई–कॉमर्स, चीनी मिलों और वन उत्पादों जैसे क्षेत्रों की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इससे प्रदेश के औद्योगिक और व्यापारिक दायरे का विस्तार हुआ है, जो राज्य के आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रहा है। ट्रेड शो की सफलता से उत्साहित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में मंडल स्तर पर भी इस तरह के ट्रेड शो आयोजित करने की योजना बनाई है। 5 मंडलों ग्रेटर नोएडा, वाराणसी, लखनऊ, बरेली, और आगरा में इन शो के आयोजन की तैयारी की जा रही है। इन आयोजनों के लिए प्रत्येक मंडल में एक एग्जीबिशन सेंटर की स्थापना पर काम किया जा रहा है, ताकि स्थानीय उद्योगों और कारीगरों को एक बड़ा मंच प्रदान किया जा सके। मंत्री सचान ने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड शो में प्रदर्शित उत्पादों को विदेशी खरीदारों ने काफी सराहा। जूट से बने थैलों को 5 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला, जबकि वाराणसी की प्रसिद्ध गुलाबी मीनाकारी को भी 5 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला। यह उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्प और कारीगरों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने के मुख्यमंत्री के लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेगा। वियतनाम पहली बार पार्टनर कंट्री के रूप में जुड़ा और वह टूरिज्म और टेक्सटाइल क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश के साथ व्यापारिक संबंधों को बढ़ाने के लिए उत्सुक है।

# पर्यटन मंत्री ने हनुमंत धाम लखनऊ में विधिवत् पूजन के उपरान्त शारदीय नवरात्रि का किया शुभारम्भ

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मिशन शक्ति के अंतर्गत आज प्रातः लखनऊ स्थित हनुमंत धाम में माता दुर्गा का विधिपूर्वक पूजन अर्चन कर शारदीय नवरात्रि कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मंदिर धाम कमेटी की ओर से मंत्री का स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। इस कार्यक्रम में मंदिर पुजारी एवं ट्रस्टी विजय सिन्हा के अलावा संस्कृति विभाग के अपर निदेशक दिलीप गुप्ता, सहायक निदेशक तुहिन द्विवेदी तथा पर्यटन विभाग के उपनिदेशक कल्याण सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुभारम्भ के पश्चात पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि 03 से 12 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में मॉ दुर्गा के विभिन्न रूपों का पूजन अर्चन कर श्रद्धालुगण आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर संस्कृति विभाग उ0प्र0 की ओर से प्रदेश के 16 प्रमुख देवी मंदिर एवं शक्तिपीठों पर भजन कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। प्रमुख देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में मां पाटेश्वरी देवी मंदिर, देवीपाटन बलरामपुर, शीतला माता मंदिर मैनपुरी, मां वैष्णोदेवी मंदिर फिरोजाबाद, मां काली माता मंदिर झांसी तथा मां कात्यायनी शक्तिपीठ मंदिर वृन्दावन मथुरा शामिल हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इसके अलावा अलोपी देवी मंदिर शक्तिपीठ प्रयागराज, मां विन्ध्यवासिनी शक्तिपीठ मिर्जापुर, नैमिषारण्य प्रभा स्थलीय सीतापुर, गोरखपुर मंदिर गोरखपुर, शीतला चकियाधाम जौनपुर, देवबंद मां त्रिपुरबाला सुंदरी शक्तिपीठ सहारनपुर, कड़ाधाम फतेहपुर, दुर्गा मंदिर वाराणसी, बड़ीदेव काली मंदिर अयोध्या, खत्री पहाड़ विन्ध्यवासिनी मंदिर बांदा, मां चन्द्रिका देवी मंदिर लखनऊ, कालीवाड़ी मंदिर लखनऊ तथा रामगिरी शक्तिपीठ चित्रकूट में भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। उपरोक्त 16 शक्तिपीठों में भजन एवं अराधना का कार्यक्रम अष्टमी एवं नवमी को कराये जाने का कार्यक्रम बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि शारदीय नवरात्रि के अवसर पर देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में विधिवत् कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रदेश के समस्त जिलाधिकारियों को शासन की ओर निर्देश जारी किये गये हैं। इन शक्तिपीठों में देवी गायन के साथ दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जायेगा। साथ ही अखण्ड रामायण के अलावा अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

# उ0प्र0 गोसेवा आयोग के अध्यक्षश्याम बिहारी गुप्ता ने पद्भार ग्रहण किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश गोसेवा आयोग के नवमनोनीत अध्यक्षश्याम बिहारी गुप्ता ने आज यहां इंदिरा भवन स्थित उ0प्र0 गोसेवा आयोग में पद्भार ग्रहण किया। इसके साथ हीजसवन्त सिंह उर्फ अतुल सिंह ने मा0 उपाध्यक्ष के रूप में तथाराजेश सिंह सेंगर ने सदस्य के रूप में पद्भार ग्रहण किया।

इस अवसर पर अध्यक्षश्याम बिहारी गुप्ता जी ने अपनी प्रेसवार्ता में गोसंरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि गोवंश को प्रदेश के किसानों एवं पशुपालकों के लिए समृद्धि का आधार बनायेगे। उन्होंने कहा कि गौसंरक्षण कार्यों में योगदान देना हमारे लिए सौभाग्य का विषय है। आयोग के पदाधिकारीगण प्रदेश में गौसंरक्षण कार्यों में अपना अमूल्य योगदान सुनिश्चित करेंगे। गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाना और गौजनित उत्पादों को व्यवसायिक रूप से लाभकारी बनाना आयोग की प्राथमिकता रहेगी। कहा कि गोवंश के माध्यम से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जायेगा। प्रदेश की समस्त गोशालाओं को प्रशिक्षण केन्द्र बनाते हुए गो आधारित कृषि, बायोगैस उर्जा एवं पंचगव्य उत्पादों के माध्यम से गोशालाओं को स्वाबलम्बी बनाये जाने हेतु योजना तैयार की जाएगी। गोपालन को बढावा दिया जाएगा, जिससे किसान गोवंश को निराश्रित न छोड़े। स्वयंसेवी सस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों को साथ लेकर गोपालन, गो संरक्षण, गो संवर्धन को बढावा दिया जाएगा। उपाध्यक्ष ने चारागाह विकास तथा गोमाता के महत्व के विषय पर प्रकाश डाला। सदस्यराजेश सिंह सेगर ने गाय और मानव स्वास्थ्य के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से चर्चा की।

# शारदीय नवरात्रि के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

प्रयागराज (आरएनएस)। आज से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो गई है। इसकी तैयारियों देर रात तक होती रहीं। लोग अपने घरों, मंदिरों व मंदिरों में साफ–सफाई करने में जुट रहे ताकि घर में मां भगवती विराजमान हों। नवरात्रि के पहले देवी के प्रथम स्वरूप शैलपुत्री का दर्शन पूजन किया जा रहा है। वहीं मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु मां शैलपुत्री के दर्शन के लिए पहुंचने लगे। मां अलोपशंकरी देवी मंदिर, कल्याणी देवी व ललिता देवी मंदिरों में भोर से ही लोग दर्शन के लिए पहुंचने लगे थे।नवरात्र के पहले दिन ही शुभ मुहूर्त में लोग संगम के पवित्र जल से स्नान करके घरों में वह मंदिरों में कलश स्थापना कर रहे हैं। धर्माचार्य रामानुज पान्डेय बताते हैं कि शारदीय नवरात्र को सांसरिक इच्छाओं की पूर्ति के लिए मनाया जाता है जबकि चौत्र नवरात्र को आध्यात्मिक इच्छाओं की पूर्ति, सिद्धि मोक्ष के लिए मनाया जाता है। 2 अक्टूबर की रात 12.24 बजे तक आश्विन कृष्ण पक्ष की पितृ अमावस्या है। 3 अक्टूबर को सूर्योदय के बाद 9.48 बजे तक या अभिजित मुहूर्त में 11.22 बजे के बाद 12.09 बजे तक घट स्थापना की गई।

नवरात्र में देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है। यही कारण है पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। सीसीटीवी के जरिए भी मंदिरों की निगरानी की जा रही है। वहीं दुर्गापूजा पंडालों के आसपास भी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा की जिम्मेदारी विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दी गई है। ललिता देवी, कल्याणी देवी, अलोपंशकरी देवी सही तो कई अन्य मंदिरों में भी महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों को लगाया गया है।

# घूस लेते राजस्व निरीक्षक और साथी गिरफ्तार

प्रयागराज (आरएनएस)। विजिलेंस टीम ने गुरुवार को सदर तहसील के अंदर से राजस्व निरीक्षक सर्वे फहीमुद्दी और उसके साथी सफाई कर्मी विनय कुमार को बीस हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया। राजस्व निरीक्षक ने शिकायतकर्ता विजय बहादुर पटेल उर्फ बबलू से जमीन की रिपोर्ट लगाने के लिए 20 हजार रुपये घूस मांगी थी और रुपये न देने पर जमीन को गड्ढे में दर्शाने की धमकी दी थी। शिकायत के बाद विजिलेंस टीम ने योजना बनाई। नोटों पर स्याही लगाई। ट्रैप करने के बाद रिश्वत देते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है।ज्ञात हो कि कैंट थाना क्षेत्र के राजापुर निवासी विजय बहादुर पटेल उर्फ बब्लू पटेल पुत्र स्व. मूलचन्द ने फहीमुद्दीन उर्फ फहीम अहमद राजस्व निरीक्षक तहसील सदर के खिलाफ विजिलेंस टीम को लिखित शिकायत दी थी। विजय बहादुर का कहना है कि उनकी जमीन गाटा संख्या –287 ग्राम कछारमऊ परगना एवं तहसील सदर में है। इस पर परिवार का नाम दर्ज है। उक्त भूमि पर संजय सिंह, अबरार अहमद (आसिफ बाबा) आदि अवैध निर्माण करा रहे थे। जबकि उनकी जमीन गड्ढे में है। मामले की शिकायत एडीएम सदर से की गई तो उन्होंने जांच शुरू कराई। इसके बाद विजय राजस्व निरीक्षक से तहसील जाकर मिले तो फहीमुद्दीन ने कहा, 20 हजार रुपये देने होंगे तब रिपोर्ट लगेगी वरना जमीन को गड्ढे में दर्शा कर रिपोर्ट लगा दी जाएगी तब विपक्षियों को ये जमीन मिल जाएगी। रिश्वत दिए जाने की बात तय हो गई तो विजय ने विजिलेंस टीम से संपर्क किया। रिश्वतखोरी में फहीमुद्दीन के साथ सफाई कर्मी विनय भी शामिल था। दोनों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

# लायंस क्लब सिटी द्वारा विशाल डांडिया नाइट, फैशन शो का आयोजन

## संगीत संध्या में झूम उठे लोग

प्रयागराज (आरएनएस)। लायंस क्लब इलाहाबाद सिटी के अध्यक्ष लायन अनूप सिंह एवं पी एस टी टीम के नेतृत्व में नवरात्रि के शुभारंभ पर अनेक आयोजन रखे गए नवरात्रि की पूर्ण संध्या पर गुलाटी यूनाइटेड गेस्ट हाउस चौथम लाइंस पर विशाल कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया गया।आयोजन में नवरात्रि का परंपरा के अनुरूप डांडिया नृत्य के साथ आगाज किया गया। प्रतिभाग करने वाले सदस्यों के द्वारा फैशन शो में अपनी अपनी प्रतिभाएं और हुनर बिखेरे। जिसमें प्रतिभागी कपल वॉक, सोलो वॉक और बच्चों के लिए किड्स वॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी लोगों ने आर्केस्ट्रा की धुन पर खूब धमाल मचाया। स्त्रियों, पुरुषों और बच्चों ने कार्यक्रम का जमकर आनंद लिया एवं स्वादिष्ट चाट का भी मजा लिया। सभी ने कार्यक्रम के अंत में लजीज एवं स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व गवर्नर सौरभ कांत द्वारा दीप प्रज्वलन कर के किया गया। पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जगदीश गुलाटी ने नवरात्रि के अवसर पर सभी क्लब के सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की और बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया।क्लब के अध्यक्ष लायन अनूप सिंह ने इस प्रकार के आयोजन को बहुत महत्वपूर्ण बताया और सभी के लिए अपना आभार प्रकट किया। क्लब के सचिव अचल अग्रवाल ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मीना से मेहनत और अभ्यास करके कार्यक्रम को चल चांद लगाए। कार्यक्रम की चेयरपर्सन रीता बीर, फैशन शो के चेयरपर्सन प्रतीक अहलानी द्वारा कई दिनों से अभ्यास कराके कार्यक्रम को सफलता के मुकाम पर पहुंचा दिया।क्लब के जनसंपर्क अधिकारी लालू मित्तल ने वार्ता में बताया कि यह आयोजन ऐतिहासिक और मनोरंजन होने के साथ–साथ सदस्यों को अपनी प्रतिभा हुनर दिखाने का बहुत अच्छा अवसर और प्लेटफार्म रहा, जिसमें सभी उम्र के सदस्यों ने रैम्प पर वॉक करके अनेक प्रतियोगिताएं में भाग लिया और डांडिया नृत्य का भरपूर आनंद उठाया। फिल्मी दुनिया से प्रेरित अनेक नए प्रयोग किए गए हैं जो की सभी दर्शकों का हृदय जीत लिया और झूमने पर विवश कर दिया। घ्प्रतियोगिता में विजेता को शानदार उपहार से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोषाध्यक्ष राम जी केसरी, इंदर मध्यान, अजय अवस्थी, संजीव तिवारी, प्रदीप वीर, अशोक मित्तल, सुमन अग्रवाल, श्वेता मित्तल, सरिता खुराना, सविता सिंह, सुमन अग्रवाल, सीमा केसरी, लाला भैया, संजय गुप्ता, राधे मरवाह, सुभाष श्रीवास्तव एवं नगर के बहुत से क्लब ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

# 120 फिट का बृहद मंच जनता के आकर्षण का होगा प्रमुख केद्र

## बाघम्बरी क्षेत्र रामलीला कमेटी भारद्वाजपुरम का हुआ शुभारंभ

प्रयागराज (आरएनएस)। प्रयागराज अपनी श्रेष्ठ कला संस्कृति के लिए विश्व प्रसिद्ध है यहां की रामलीलाएं देश में प्रमुख स्थान रखतीं हैं। इसी क्रम में शहर की प्रतिष्ठित बाघम्बरी क्षेत्र रामलीला कमेटी, भारद्वाज पुरम इस वर्ष ध्वनि एवं प्रकाश के माध्यम से होने वाली भव्य रामलीला का मंचन करने जा रही है। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ओम नारायण त्रिपाठी ने बताया कि लगातार 10 दिनों की रामलीला में लगभग 60 प्रतिष्ठित कलाकार भाग लेंगें तथा इसका निर्देशन संस्था द थर्ड बेल के वरिष्ठ रंग निर्देशक आलोक नायर करेंगे। इस रामलीला के पात्रों के चयन प्रक्रिया का बहुत ध्यान रखा गया है। मर्यादा पुरुषोत्तम राम की भूमिका शिक्षक अमितेश श्रीवास्तव तथा सीता की भूमिका में शिक्षिका अलका सिंह हैं। लक्ष्मण का हर्षित पांडेय, भरत एवं शत्रुघ्न का गौरव शर्मा व हेमंत सिंह, रावण की सत्यम सिंह राजपूत एवं हनुमान का विनोद यादव तथा दशरथ एवं कैकेयी की भूमिका निभा रहे हैं। आकाशवाणी के प्रतिष्ठित कलाकार क्रमशः शैलेश श्रीवास्तव, ऋतिका अवस्थी मंथरा निकिता गौतम, मेघनाद का हर्षित, कर्नल श्रीकुमार विश्वामित्र एवं बालि का किरदार निभाएंगे। वशिष्ठ और विभीषण का राकेश, अश्विनी श्रीवास्तव कुम्भकर्ण की व जनक की भूमिका में अरुण शुक्ला हैं। अन्य प्रमुख कलाकरों में विनय त्रिपाठी, नीरज मिश्रा, सिद्धार्थ त्रिपाठी, संध्या, श्वेता, हर्षिता, जागृति, रवींद्र, प्रणय, वंश, कोणार्क इत्यादि हैं। अलका और सरगम अपने नृत्यांगनाओं के साथ मंच पर अद्भुत छटा बिखरेंगी। प्रकाश संचालन जतिन कुमार का एवं संगीत संचालन विजय का रूप सज्जा अलका पाण्डेय और उनकी टीम का होगा। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी विख्यात चित्रकार रवीन्द्र कुशवाहा ने बताया कि इस भव्य रामलीला का प्रमुख आकर्षण इसका बृहद मंच होगा जो लगभग 120 फिट का होगा।

इस बार की रामलीला से दर्शकों का भरपूर रसास्वादन हो एवं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जी के जीवन से हमारी युवा पीढ़ी एवं जनमानस को सीखने का अवसर मिले।

# हिंदी के प्रसार हेतु परिभाषिक एवं तकनीकी शब्दावलियों के निर्माण की आवश्यकता- प्रो गर्ग

प्रयागराज (आरएनएस)। जगत तारन महिला महाविद्यालय में शहिंदी माह समारोहश के समापन सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहिंदी की वैश्विक स्थितिश विषय पर व्याख्यान देते हुए आचार्य राजेश कुमार गर्ग, हिन्दी विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने कहा कि हिंदी के वैश्विक विकास एवं प्रसार हेतु आवश्यक है कि उसमें विभिन्न अनुशासनों में परिभाषिक एवं तकनीकी शब्दावलियों का निर्माण किया जाए। इस ओर मानक एवं तकनीकी शब्दावली आयोग निरन्तर प्रयासरत है।

हिंदी माह के अन्तर्गत महाविद्यालयी एवं अंतर्महाविद्यालयी स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओ के विजेता प्रतिभागियो को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। निबंध लेखन मे प्रशान्त कुमार सिंह, शोधपत्र लेखन में तृप्ति सिंह और कहानी लेखन में साक्षी पाण्डेय ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। सर्वाधिक पुरस्कार साक्षी दुबे को मिला। प्राचार्या प्रो. आशिमा घोष द्वारा स्वागत वक्तव्य दिया गया। संयोजन एवं संचालन डॉ. विजयलक्ष्मी ने तथा धन्यवाद प्रो.अंशुमाला मिश्रा ने दिया। इस अवसर पर प्रो. रतन कुमारी वर्मा, डॉ नम्रता देव, डॉ . निर्मला गुप्ता के साथ ही बड़ी संख्या में शोधार्थी एवं स्नातक–परस्नातक के छात्र–छात्राएं शामिल हुए।

# नवरात्र के पहले ही दिन ग्रामीण क्षेत्र के देवी मंदिरो में लगी भक्तों की भीड़

प्रयागराज (आरएनएस)। शारदीय नवरात्रि के पहले दिन श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई और उपवास के बाद विधि विधान से पूजा अर्चना कर घर कलश स्थापित किया है। वहीं श्रद्धालुओं की मांडा क्षेत्र के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ी। मां शैलपुत्री की पूजा–अर्चना की गई।

इससे पहले लोगों ने घरों में माता की प्रतिमा और घट की स्थापना की। चारों ओर देवी मां के जयकारे गुंजायमान हो उठे। आस्था के साथ तमाम श्रद्धालुओं ने नौ दिन के उपवास भी शुरू किए हैं। सुबह उठते ही लोगों ने घरों में सफाई और नित्यकर्म के बाद उपवास रखकर अखंड ज्योति प्रज्वलित की। विधि–विधान से पूजा कर मंदिरों में मां शैलपुत्री का जलाभिषेक किया। मांडा खास पहाड़ी पर स्थित सिद्ध पीठ माँ मांडवी देवी के मंदिर,व मेंढुली मैया के मंदिर तथा चौराहे पर स्थित कालीं मैया के मंदिर में सुबह से ही महिलाओं, पुरुषों और बच्चों की कतारें लगी नजर आईं।

हाथों में पूजा की थाल सजाकर और जल का पात्र लेकर महिला–पुरुष मंदिर पहुंचे। माता रानी की प्रतिमा पर जलाभिषेक व पूजा कर आरती उतारी। पूजा–अर्चना कर माता से कामनाएं मांगी। चारों ओर पूजा सामग्री, धूप आदि की सुगंध महक रही थी। घरों में पूजा–अर्चना के साथ नौ दिन की अखंड ज्योति जागृत की गई।

# पितृ पक्ष में अमर बलिदानियों का किया तर्पण

प्रयागराज (आरएनएस)। पितृ विसर्जन पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रयाग दक्षिण के कार्यकर्ताओं ने ज्ञात और अज्ञात अमर बलिदानियों, क्रांतिकारियों और स्वयं सेवकों का तर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पितृ पक्ष के समापन पर के अमावस्या के दिन ऐतिहासिक नीम के पेड़ के नीचे चौक में अमर बलिदानियों का तर्पण विधि विधान से किया गया।इस अवसर पर आयोजित विशेष समारोह में भारत माता, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री, नेता जी सुभाष चंद्र बोस के चित्र लगाए गए तथा उन पर माल्यार्पण किया गया। समाजसेवी मोहन जी टंडन भैया ने माल्यार्पण के बाद अमर बलिदानी ननका जी से जुड़ी कोतवाली की घटना का विस्तार से चित्रण किया। मुख्य वक्ता के रूप में अमित सारस्वत ने दीप प्रज्वलन कर अपने उद्बोधन में ऐतिहासिक नीम के पेड़ के बारे में, यहां के बलिदानियो के बारे में व्यापक जानकारी दी। संघ चालक राजेंद्र मिश्रा ने सभी ज्ञात अज्ञात शहीदों को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम का संचालन नगर कार्यवाह अविनाश ने किया। फांसी के फंदे पर लटकाए गए सभी बलिदानियो एवं स्वयंसेवकों का कार्यकर्ताओं ने श्राद्ध एवं तर्पण किया।कार्यक्रम में राम प्रकाश जायसवाल, अखिलेश ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विष्णु कुमार, दाऊ दयाल, अखिलेश, उदय, अरुण, गिरीश, किशन, योगेश्वर, अमित सोनी, दीनानाथ, दीपू अनिल, रवि किशन, सौभाग्य सहित क्षेत्र के तमाम गुड मॉर्निंग नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# लोकप्रिय एवं कुशल नेतृत्व की धनी रही नीलम करवरिया- भाजपा

प्रयागराज (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी चौक मंडल के द्वारा पूर्व विधायिका नीलम करवरिया के निधन पर शोक सभा का आयोजन रामचंद्र वैश्य राम भवन पार्क किया गया। शोक सभा की अध्यक्षता करते हुए पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा एवं जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने कहा कि पूर्व विधायक स्वर्गीय श्रीमती नीलम करवरिया धर्मनिष्ठ ग्रहणी के साथ साथ एक लोकप्रिय एवं कुशल नेतृत्व की धनी नेता रही। उन्होंने अपने विधायक कार्यकाल में मेजा विधानसभा में विकास के लिए 100% अपनी विधायक निधि का प्रयोग किया करके एक अनुपम उदाहरण पेश किया था। चौक मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा खन्ना ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि नीलम करवरिया नारी शक्ति का प्रतीक थी उन्होंने विशुद्ध रूप राजनीति करके महिलाओं के लिए आदर्श रही। संचालन और मंडल अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने किया

# नारायण जी गोपाल बने गुफ्तगू की नये संरक्षक

प्रयागराज (आरएनएस)। नारायण जी गोपाल गुफ्घ्तगू के नये संरक्षक बन गए हैं। इनका जन्म 26 जून 1939 को इलाहाबाद में ही हुआ है। इन्होंने वर्ष 1957 में चक स्पोर्टिंग क्लब की तरफ से फुटबाल खेलना शुरू किया था। वर्ष 1958 में मेहुल अरब फुटबाल लीग में भी अपने खेल का जौहर दिखाया। इसके बाद वर्ष 1960 तक इलेवन स्टार क्लब की तरफ से फुटबाल खेलते रहे। श्री गेपाल वर्ष 1961 से 1968 तक इलाहाबाद की नगर महापालिका टीम की तरफ से खेलते रहे। काठमांडू, गोवा, मुंबई और अन्य स्थानों पर होने वाले डूरण्ड कप में भी आप टीम सदस्य रहे हैं। इसके अलावा ऑल इंडिया कपिलदेव मालवीय क्रिकेट टूनार्मेंट में भी आपने सहभाग किया था। इनमें वर्ष 1997 में आयोजित होने वाला नेशनल फुटबाल जूनियर चौम्पियनशिप, इंटर डिस्ट्रिक फुटबाल चौम्पियनशिप, शेरवानी फुटबाल टूनार्मेंट, स्टेट नेशनल फुटबाल टूनार्मेंट, बलरामपुर ट्राफी आदि शामिल है। गुफ्घ्तगू के संरक्षकों और आजीवन सदस्यों को गुफ्तगू पब्लिकेशन’ की सभी पुस्तकें और गुफ्तगू पत्रिका के सभी उपलब्ध पुराने अंक दिए जाते हैं। संरक्षकों का पूरा परिचय फोटो सहित हम एक अंक में छापते हैं और सभी अंक के संपादकीय बोर्ड टीम में उनका नाम छपता है, निधन के बाद भी हम संस्थापक संरक्षक के रूप में उनका नाम प्रकाशित करते हैं। प्रमोद दुबे के अलावा प्रभाकर द्विवेदी प्रभामाल, अमर राग, मुनेश्वर मिश्र, हसनैन मुस्तफाबादी, जफर बख्त, डॉ. पीयूष दीक्षित, आनंद सुमन सिंह, अरुण अर्णव खरे, रामचंद्र राजा, माहेश्वर तिवारी, पंकज के. सिंह, विजय प्रताप सिंह, डॉ. राकेश तूफान, शैलेंद्र कपिल, संजय सक्सेना, मासूम रजा राशदी, सरिता श्रीवास्तव, डॉ. मधुबाला सिन्हा, जया मोहन, देवेंद्र प्रताप वर्मा ‘विनीत’, मंजुला शरण मनु, डॉ. उपासना दीक्षित, डॉ. शबाना रफीक, रामशंकर वर्मा, सिद्धार्थ पांडेय, एस. निशा सिम्मी, नाजनीन अली नाज, सय्यदा तबस्सुम मंजूर नाडकर, डॉ. एम.डी. सिंह, एम. डब्ल्यू. अंसारी, मधु गौतम, डॉ. पूनम अग्रवाल और प्रमोद दुबे भी गुफ्घ्तगू के संरक्षक हैं।

# शारदीय नवरात्रि मेला में विंध्यांचल स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम

प्रयागराज (आरएनएस)। प्रयागराज मण्डल ने 03 से 17 अक्टूबर तक चलने वाले विंध्याचल शारदीय नवरात्रि मेला में विंध्याचल स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किये हैं। आज विंध्याचल कुवार नवरात्रि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड, प्रयागराज का विंध्याचल स्टेशन परिसर पर प्राथमिक चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर में 03 से 13 अक्टूबर तक श्रद्धालुओं को निशुल्क सेवा प्रदान की जाएगी। चिकित्सा शिविर में घायल और बीमार व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा के साथ नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र विंध्याचल में पहुंचाने के लिए कार्य करेगा। सहायक वाणिज्यिक प्रबंधक एवं डिवीजनल कमांडर प्रशासन सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड, दिनेश कुमार द्वारा शिविर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में वाणिज्य निरीक्षक, एस.के. अकेला भी मौजूद रहे। सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज की ब्रिगेड नंबर वन और ब्रिगेड नंबर 2, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं उपयुक्त, डॉक्टर सत्य प्रकाश शर्मा के देखरेख में कार्य कर रही है। इस बिग्रेड का नेतृत्व मंडल सचिव, आलोक कुमार वर्मा एवं अनूप कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया जा रहा है। विंध्याचल में प्रति वर्ष दो बार आयोजित होने वाले मेला के दौरान प्राथमिक चिकित्सा शिविर लगाकर सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड चौबीस घंटे मेला में आए हुए यात्रियों का प्राथमिक उपचार की सुविधा प्रदान करती है। पिछले चौत्र नवरात्रि मेला में आए हुए 993 यात्रियों का प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया था। इस शिविर में आज जे.के. विश्वकर्मा, पवन कुमार, विजय प्रकाश राम, अमित कुमार मौर्य, नरेश कुमार, तेज बहादुर यादव, अर्जुन कुमार श्रद्धालुओं को सेवा प्रदान कर रहे हैं।


# कुंभ में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट पर फलाहार व्यंजन का लुत्फ उठा सकेंगे लोग

प्रयागराज (आरएनएस)। प्रयागराज में कुंभ मेले के दौरान आने वाले श्रृद्धालुओं के लिए फलाहार की भी व्यवस्था कर रहा है। यह तैयारी टूरिज्म विभाग की तरफ से महाकुंभ 2025 को लेकर विशेष रूप से किया जा रहा है। यह विशेष सुविधा प्रदेश के पहले फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में महाकुंभ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्था की जा रही है। श्रृद्धालुओं के इस व्यंजन में कुछ धतान दिया जाएगा। इसमें बगैर लहसुन और प्याज वाले व्यंजन बनाने की भी तैयारी है। कुट्टू और सिंगाड़े के आटे से तैयार फलाहार को मेन्यू में शामिल करने की तैयारी अभी से शुरु हो गई है। महाकुंभ को देखते हुए प्रयागराज में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट का 27 दिसंबर 2024 को प्रयागराज में प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने उद्घाटन किया था। महाकुंभ को लेकर सभी विभाग अपनी तैयारी में जुटे है। वहीं टूरिज्म विभाग ने भी कुंभ में चार चांद लगाने के लिए कोई कसर नही छोड़ा है। विभाग की ओर से महाकुंभ 2025 को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही है। प्रदेश के पहले फ्लोटिंग रेस्टोरेंट में महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए अलग से व्यवस्था की जा रही है।

# गोमती नदी के किनारे पर अवैध निर्माण पर हाई कोर्ट सख्त, एसडीएम से रिपोर्ट की तलब, सर्वे का दिया निर्देश

लखनऊ। गोमती नदी के किनारे जमीन पर अवैध कब्जे और पक्का निर्माण करने के आरोप वाली याचिका पर हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने सख्त रुख अख्तियार किया है। कोर्ट ने पूरे मामले में एसडीएम मलिहाबाद से विस्तृत रिपोर्ट तलब करने के साथ ही पूरे क्षेत्र का सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि अवैध कब्जों की असल स्थिति सामने आ सके। कोर्ट ने राज्य सरकार को गोमती नदी के किनारे की इस जमीन पर ग्रीन बेल्ट विकसित करने पर विचार करने को भी कहा है। 12 मार्च को होने वाली अगली सुनवाई में तहसील स्तर से जांच और सर्वे का काम पूरा कर रिपोर्ट पेश करनी होगी

जस्टिस एआर मसूदी और जस्टिस बीआर सिंह की बेंच ने समाजसेवी दीपक शुक्ला तिरंगा महाराज की तरफ से दाखिल पीआईएल पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई से पहले गोमती किनारे हुए अवैध कब्जे हटाने के लिए प्रशासन स्वतंत्र है। याचिका में नीलांश थीम वॉटर पार्क, नीलांश प्रॉपर्टीज, नीलांश बिल्डर्स, संतोष श्रीवास्तव, सतीश श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव और मदन लाल को प्रतिवादी बनाते हुए ग्राम बदैया और टिकरी कलां में गोमती नदी के रिवर बेड (नदी के किनारे और तलहटी की जमीन) पर अवैध कब्जे और उसके व्यावसायिक इस्तेमाल करने का आरोप लगाया गया है।



याची ने कोर्ट को बताया कि अवैध कब्जा हटाने के लिए 20 जनवरी 2020 को मलिहाबाद के एसडीएम ने आदेश दिया था, जिसका आज तक पालन नहीं हुआ है। वहीं, सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि उक्त आदेश के विरुद्ध एक पुनर्स्थापना प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया था जो खारिज हो चुका है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के कहा कि ऐसा लगता है कि उक्त रिवर बेड पर स्थायी निर्माण किया गया है, जिसकी पर्यावरण के लिहाज से भी अनुमति नहीं दी जा सकतीउच्च न्यायालय के आदेश के कई महीने बीत जाने के बाद भी अभी तक मलिहाबाद तहसील के अधिकारियों के द्वारा नीलांश वाटर पार्क से संबंधित रिपोर्ट नहीं दी जा रहीमाननीय उच्च न्यायालय में 12 मार्च को रिपोर्ट दाखिल होनी थी परंतु कई महीने बाद अभी तक रिपोर्ट कोर्ट के सामने नहीं आई है याचिकाकर्ता के द्वारा बार बार उप जिलाधिकारी से संपर्क किया जा रहा है कि हमारी याचिका पर जो रिपोर्ट बनी है कृपया एक कॉपी हमें देने की कृपा करें पर मलिहाबाद के प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा रिपोर्ट नहीं दी जा रही है उल्टा नीलांश वाटर पार्क के माफियाओं से साथ गांठ कर नदी की जमीन पर व्यावसायिक इस्तेमाल कराया जा रहा है और उनको बचाने का काम किया जा रहा हैयाचिकाकर्ता तिरंगा महाराज ने कहा गोमती नदी के किनारे लगातार माफियाओं के द्वारा कब्जा कर इसका व्यावसायिक इस्तेमाल किया जा रहा है माननीय उच्च न्यायालय से निवेदन है समस्त गोमती नदी का सर्वे करा कर नदी की सुरक्षित जमीन को कब्जा मुक्त कर अवैध कब्जे दारो पर सख्त कार्रवाई करने की कृपा करें

# धूमधाम से मनाया महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस

संवाददाता

बहराइच रूबहराइच के विभिन्न विद्यालयों व सरकारी संस्थाओं में दो अक्टूबर महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। बहराइच जिलाधिकारी व बहराइच के पुलिस अधीक्षक ने गांधी जी व लालबहादुर शास्त्री को याद कर पुष्पांजलि अर्पित किया।श्री शंकर इंटर कालेज व श्री कृपा राम जनजागृति हाई स्कूल, गांधी इंटर कालेज व राजकीय इंटर कालेज में दो अक्टूबर को लेकर बच्चों में उत्साह रहा। श्री कृपा राम जनजागृति हाई के प्राचार्य श्री कृपा राम गुप्ता ने बच्चों को लाल बहादुर शास्त्री के विचारों को बताया इस अवसर पर विद्यालय में शिवा सोनी,अभिलाष यादव, प्रमोद यादव,राम निवास,उममे सलमा,साहिना परवीन, अमित, अंकिता मौर्य,विषमा सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।



# तीन अक्टूबर से नवरात्रि शुभारंभ,पहले दिन कैसे करें कलश स्थापना ?

## डॉ जयेश मिश्र आचार्य जी जौनपुर
## आईए जानें मुहूर्त, सामग्री, सही विधि ।

इस साल की शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ 3 अक्टूबर से हो रहा है, जो 12 अक्टूबर तक चलेगा.

नवरात्रि के 9 दिनों में मां दुर्गा के 9 स्वरुपों की पूजा की जाती है और व्रत रखा जाता है. महा नवमी को नवरात्रि का हवन करते हैं और दशमी को पारण करके व्रत को पूरा करते हैं. नवरात्रि के प्रथम दिन यानी अश्विन शुक्ल प्रतिपदा तिथि को कलश स्थापना करते हैं और मां दुर्गा का आह्वान करते हैं, उसके बाद नवरात्रि की पूजा शुरू होती है। शारदीय नवरात्रि का पहला दिन अश्विन शुक्ल प्रतिपदा तिथि को होता है. पंचांग के अनुसार, अश्विन शुक्ल प्रतिपदा तिथि 2 अक्टूबर को देर रात 12 बजकर 18 मिनट से 4 अक्टूबर को तड़के 2 बजकर 58 मिनट तक है. उदयातिथि के आधार अश्विन शुक्ल प्रतिपदा तिथि 3 अक्टूबर को है. ऐसे में नवरात्रि का पहला दिन 3 अक्टूबर गुरुवार को है. इसी दिन कलश स्थापना होगी.

शारदीय नवरात्रि 2024 कलश स्थापना सामग्री

मिट्टी का एक कलश, रक्षासूत्र, गंगाजल, सात प्रकार के अनाज, जौ, आम और अशोक की हरी पत्तियां, केले के पत्ते, जटावाला नारियल, सूखा नारियल, अक्षत, धूप, दीप, कपूर, रुई की बाती, गाय का घी, रोली, चंदन, गाय का गोबर, पान का पत्ता, सुपारी, लौंग, इलायची, नैवेद्य, फल, गुड़हल के फूल, फूलों की माला, पंचमेवा, माचिस, मातरानी का ध्वज आदि।

कलश स्थापना का महत्व

कलश स्थापना करने से नकारात्मकता दूर होती है. इससे घर में सुख, समृद्धि और शांति आती है. परिवार के सदस्य निरोगी रहते हैं. घर से बीमारियां दूर होती हैं. कलश को विघ्नहर्ता श्री गणेश जी का प्रतिरुप भी मानते हैं. उनकी कृपा से कार्यों में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं और शुभता बढ़ती है.

शारदीय नवरात्रि 2024 कलश स्थापना की सही विधि

पहले दिन नवरात्रि व्रत और मां दुर्गा की पूजा का संकल्प लें. उसके बाद गणेश जी को प्रणाम करके पूजा स्थान पर ईशान कोण में एक लकड़ी की चौकी रखें. कलश स्थापना करें.

चौकी पर लाल या पीले रंग का कपड़ा बिछाकर उस पर धान या सप्त धान्य रखें. उस पर कलश रखें. कलश के गर्दन पर रक्षासूत्र लपेट दें. उस पर तिलक लगाएं. इसके बाद कलश में गंगाजल और पानी डालें.

इसके बाद कलश में अक्षत, फूल, सुपारी, सिक्का, दूर्वा, हल्दी, चंदन आदि डाल दें. इसके बाद आम और अशोक के पत्ते कलश में डालें. फिर उस कलश के मुख को ढक्कन से ढक दें.फिर सूखे नारियल पर रक्षासूत्र लपेट दें. उसे कलश के ढक्कन को अक्षत् से भर दें और उस पर नारियल को रख दें. इस प्रकार से आपका कलश स्थापना हो जाएगा.कलश स्थापना के बाद अब गणेश जी, वरुण देव के साथ अन्य देवी–देवताओं की पूजा करें. मां दुर्गा की पूजा करें. फिर उनके प्रथम स्वरूप मां शैत्रपुत्री की पूजा करें.कलश के पास पवित्र मिट्टी फैलाकर उसमें जौ डाल दें. फिर उस पर पानी छिड़कें. ताकि जौ के उगने के लिए सही नमी हो जाए. यह जौ पूरी नवरात्रि तक रखते हैं. यह जितना ही हरा भरा होगा, उतना ही आपके परिवार में सुख और समृद्धि बढ़ेगी ।



# सरेशाम हुई लूट में पुलिस ने दर्ज किया चोरी का मुकदमा

## पीड़िता के अनुसार चोरों ने चाकू लगाकर की थी पिटाई
## बल्दीराय थाना क्षेत्र के पूरे मिर्जा सादुल्लापुर से जुड़ा मामला

बल्दीराय सुल्तानपुर (आरएनएस)। बुधवार सरेशाम नकब लगाकर घर में घुसे लुटेरों ने लूट की घटना को अंजाम दे डाला। घर लुटता देख पीड़िता के विरोध करने पर बदमाशो ने उसके गले पर चाकू लगाकर पिटाई भी की। घायल महिला का इलाज परिजनों ने निजी अस्पताल में कराया है। वही घटना की जानकारी होते ही देर रात एसपी सोमेन बर्मा ने घटना स्थल का निरीक्षण कर चार टीमें गठित कर जल्द खुलासे का निर्देश दिया है। बता दे कि बुधवार शाम को स्थानीय थाना क्षेत्र के पूरे मिर्जा सादुल्लापुर निवासी जरगाम हैदर उर्फ कल्बे हैदर के घर में सरेशाम तीन बदमाश नकब लगाकर घर में घुसे। बदमाशो ने घर ने रखी अलमारियों के लॉकर तोड़कर चोरी करनी शुरू की तो घर में मौजूद महनाज फातिमा घर लुटता देख लुटेरों से भिड़ गई।तब लुटेरों ने महनाज फातिमा के गले पर चाकू लगाकर उसके पेट में पैर से मारा और उसका सिर दीवाल में लड़ा दिया। जिससे महिला घायल हो गई।उसके बाद लुटेरों घर से लाखो का गहना लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में लूटे गए सामान की सूची बाद में देने का जिक्र किया है।घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक आरबी सुमन व सीओ सौरभ सामंत ने घटना स्थल पहुंचकर जानकारी ली। देररात पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तैयारी के साथ की गई चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। सीओ ने बयान जारी करते हुए कहा कि घटना के खुलासे के लिए चार टीमें गठित की गई है जल्द ही घटना का खुलासा करते हुए आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। वही देर रात घटना स्थल का निरीक्षण करने एसपी सोमेन बर्मा भी पहुंचे। उन्होंने पीड़ित के घर में एक एक कमरे में जाकर पूरी जानकारी हासिल की।एसपी ने बताया कि अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के लिए टीमें लगाई गई है।जल्द ही खुलासा होगा।

# स्वच्छता ही सेवा सम्मान समारोह का कलेक्ट्रेट में हुआ आयोजन

मथुराजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 ग्राम प्रधान, 21 पंचायत सहायक, 16 सचिव ,15 सफाई कर्मचारी,20 खंडप्रेराक ,10 ऑपरेटर एवं 7 एडीओ पंचायत को पुरस्कृत किया गया। स्वच्छता पखवाड़े में 26 000 स्वच्छता इकाई चिन्हित की गई थी। जिसका विधिवत साफ



सफाई ग्राम प्रधान द्वारा कराया गया एवं सभी स्वच्छता इकाइयों को ऑनलाइन क्लोज किया गया।ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें सफाई कर्मचारी, सफाई मित्र एवं ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया ।

सफाई के इस विशेष अभियान में ग्रामीणों की विशेष भागीदारी रही है।

आज राजीव भवन से जिलाधिकारी कार्यालय तक प्रभात फेरी निकाली गई, तत्पश्चात मथुरा विकासखंड से राइफल क्लब तक ग्राम पंचायत सचिवों और खंड प्रेरक का मैराथन दौड़ हुआ जिसमें मोहन श्याम ग्राम विकास अधिकारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।इसके अतिरिक्त जिला गंगा समिति के सहयोग से 10 स्वच्छता वीरों को पुरस्कृत किया गया।कचरे से कलाकृति बनाने में पंचायत सहायकों ने बड़ी भूमिका निभाई जिनको प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया ।

कार्यक्रम में गोवर्धन विधायक ठा0 मेघश्याम ने कहा कि स्वच्छता जीवन की प्रथम शिक्षा है जिसे हम सबको आत्मसात कर अपने स्वयं के प्रयास से अपने आस पड़ोस को साफ सुथरा रखना चाहिए।

वही कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों को पुरस्कृत करते हुए मांट विधायक राजेश चौधरी ने कहा कि सफाई केवल सफाई कर्मचारी से नहीं हो सकती हैं बल्कि यह सामूहिक प्रयास से ही संभव है तथा ग्राम प्रधानों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।मैराथन विजेता को पुरस्कृत करते हुए बलदेव विधायक पूरन प्रकाश ने कहा की कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता है, स्वच्छता हमारा नैतिक धर्म है और कर्तव्य है, जनपद मथुरा के ग्राम प्रधान अपनी पंचायत में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं ।

एमएलसी योगेश नोहवार ने ग्राम प्रधान और पंचायत सहायकों को प्रेरित करते हुए कहा कि देशवासियों के समग्र प्रयास से ही हमारा देश साफ सुथरा होगा,इसलिए सभी ग्रामवासी अपने घर ,गांव, मोहल्ले की सफाई के लिए स्वयं प्रयास करें ।जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े में किए गए कार्यों के लिए मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की भूरी भूरी प्रशंसा की तथा सभी जनप्रतिनिधियों से कहा कि मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना के देखरेख में विकास कार्यों को बढ़ावा मिला है एवं सरकारी योजनाओं को तेजी से लागू करने में बड़ी मदद मिली है। मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा ने गोवर्धन,मांट,छाता, नंदगांव ,चौमुहा विकास खंड के आदर्श विकासखंड बनने की घोषणा की तथा ब्लॉक प्रमुख को पुरस्कृत भी किया।

जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चौधरी ने बताया कि प्रभात फेरी ,मैराथन दौड़ एवं स्वच्छता के कार्यक्रमों में ग्रामीणों द्वारा बढ़–चढ़कर भाग लिया गया एवं सभी ग्राम पंचायत में श्रमदान कर भव्य साफ सफाई कार्यक्रमों का आयोजन कराया गया है।कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी, एमएलसी प्रतिनिधि उमेश सिंह ने ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक एवं सफाई कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।ब्लॉक प्रमुख गोवर्धन विपिन सिंह, चौमुंहा ब्लॉक प्रमुख जमुना देवी, नंदगांव ब्लॉक प्रमुख सुंदरी चौधरी, छाता ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह, मांट ब्लॉक प्रमुख मंजू देवी पुरष्कृत हुए।कार्यक्रम के अंत में परियोजना निदेशक अरुण कुमार उपाध्याय ने सभी जनप्रतिनिधि का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# सपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को भाजपा सरकार ने कर दिया बंद

मिल्कीपुर–अयोध्या (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश सहित समूचे देश में बनी सड़के इंसानों को चलने के लिए बनाई गई हैं, किंतु अब इंसानों के साथ–साथ जानवर भी उसी सड़क पर चल रहे हैं। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा चलाई गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को प्रदेश की भाजपा सरकार ने बंद कर लोगों के साथ अन्याय करने का काम किया है। यह बातें समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित प्रमुख बाजारों में व्यापारियों से संवाद स्थापित करने के उपरांत कुमारगंज बाजार में आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। पत्रकारों को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि आज हम समाजवादियों को सबसे बड़ी तकलीफ है कि उन्होंने कन्या विद्या धान, लैपटॉप वितरण, वृद्धो को मुफ्त में चारों धाम यात्रा सहित अन्य कई कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एंबुलेंस और 100 नंबर पुलिस वहां की व्यवस्था कराई थी लेकिन आज भाजपा सरकार इन वाहनों के खराब होने पर मरम्मत एवं तेल की व्यवस्था तक नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में उप चुनाव सन्निकट है। लोगों से लुभावने वायदे और घोषणाएं की जा रही है। आदर्श चुनाव आचार संहिता जल्द ही प्रभावित हो जाएगी और घोषणाओं पर कितना काम होगा यह तो भविष्य बताएगा। उन्होंने सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद के ऊपर दर्ज मुकदमे को निराधार बताते हुए मनगढ़ंत करार दिया। उन्होंने कहा कि पूरे देश में इंसान को चलने के लिए सड़के बनाई गई हैं, लेकिन अब इंसान के साथ–साथ जानवर भी इस सड़क पर चलने लगे हैं इससे साफ जाहिर हो रहा है ।

# 'अहिंसा मार्च' निकालकर बापू के सपनों को साकार करने का संदेश दिया सी.एम.एस. शिक्षकों ने

लखनऊ, 2 अक्टूबर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के तीन हजार से अधिक शिक्षकधशिक्षिकाओं व कार्यकर्ताओं ने आज गाँधी जयन्ती के पावन अवसर पर दुग्ध धवल सफेद खादी वस्त्रों में 'अहिंसा मार्च' निकालकर महात्मा गाँधी के विचारों को आत्मसात करने एवं उनके सपनों को साकार करने का संदेश दिया। सी.एम.एस. शिक्षकों का यह अहिंसा मार्च गोमती नगर एक्सटेंशन स्थित मकदूमपुर पुलिस स्टेशन से सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम तक निकाला गया। इस विशाल मार्च में सी.एम.एस.



संस्थापिका–निदेशिका डा. भारती गाँधी, सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन, सी.एम.एस के सभी 21 कैम्पसों की प्रधानाचार्याओं समेत कई प्रख्यात हस्तियों ने शामिल होकर 'वसुधैव कुटुम्बकम' का अलख जगाया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे कैबिनेट मंत्री श्री राकेश सचान, मंत्री, खादी एवं ग्रामोद्योग, उ.प्र., ने सी.एम.एस. शिक्षकों के इस विशाल अहिंसा मार्च की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। अपने संबोधन में श्री सचान ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने अपने आदर्शो से आजादी दिलाई थी और उसी का प्रतिफल है कि हम एक सुरक्षित समाज में रह रहे हैं और हमारा देश लगातार प्रगति पथ पर अग्रसर है।अहिंसा मार्च के उपरान्त सी.एम.एस. शिक्षकों ने बड़े ही उत्साह व हर्षोल्लास के साथ सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में 'अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस' मनाया। इस अवसर पर सी.एम.एस. शिक्षकों ने विश्व एकता व विश्व शान्ति का संदेश देते अनेक शिक्षात्मक–साँस्कृतिक कार्यक्रम से अहिंसा की भावना को प्रचारित किया। विद्यालय के शिक्षकों ने शिक्षा के गाँधी एवं सी.एम.एस. संस्थापक स्व. डा. जगदीश गाँधी को भावपूर्ण श्रद्धान्जलि अर्पित की।सी.एम.एस. संस्थापिका–निदेशिका एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डा. भारती गाँधी ने इस अवसर पर कहा कि महात्मा गाँधी के आदर्शो पर चलकर ही विश्व एकता की मंजिल मिलेगी।

# एस्ट्रोन मी ओलम्पियाड में अर्विता ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर हासिल की प्रथम रैंक

लखनऊ, 3 अक्टूबर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस की कक्षा–3 की मेधावी छात्रा अर्विता सिंह ने लैबरेन्थ इण्टरनेशनल एस्ट्रोनॉमी ओलम्पियाड–2024 में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम रैंक अर्जित कर विश्व पटल पर लखनऊ का नाम रोशन किया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि हेतु अर्विता को प्रशस्ति पत्र के साथ एक टेलीस्कोप प्रदान कर सम्मानित किया गया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस छात्रा की उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं शिक्षकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया है। इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड का आयोजन शैक्षिक संस्था लैबरेन्थ प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया, जिसमें सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस की इस होनहार बाल वैज्ञानिक ने विश्व के कई देशों के छात्रों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा में एस्ट्रोनॉमी एवं अन्तरिक्ष विज्ञान में अपने ज्ञान–विज्ञान का परचम लहराया है। ओलम्पियाड के आयोजकों ने सी.एम.एस. छात्रा की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि–भूरि प्रशंसा की है।वैज्ञानिक युग के महत्व को स्वीकारते हुए सी.एम.एस. अपने छात्रों का दृष्टिकोण वैज्ञानिक एवं विश्वव्यापी बनाने के उद्देश्य से जोरदार प्रयास कर रहा है। सी.एम.एस. में छात्रों की प्रतिभा निखारने के लिए पूरे वर्ष विभिन्न विषयों पर अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, जिससे छात्रों को एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच प्रतिभा प्रदर्शन का अवसर मिलता है ।



# गंदगी का साम्राज्य है गांधी पार्क

बहराइच रूनानपारा जिला बहराइच के नानपारा तहसील में नगर पालिका में अव्यवस्थाएं थमने का नाम नहीं ले रही है चारों ओर गंदगी का साम्राज्य है नाला नाली की सफाई न होने से नालों में गंदा पानी भरा हुआ है और आये दिन गंभीर बिमारियां पनप रही



है। अक्टूबर में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया और नानपारा के नगर पालिका में स्थित गांधी पार्क खुद गंदगी से भरा हुआ है।वहा न तो सफाई हो रही है और न ही गांधी जी का स्मारक बन रहा है नगर के समाजसेवी संगम लाल ने बताया कि कांग्रेस सरकार में गांधी पार्क बनाया गया था पर हालत बहुत दयनीय है शहर के संब्जी मंडी के दुकानदारों ने उसे गंदगी का अड्डा बना दिया है खराब सब्जी उसी में फोका जाता है। पूर्व प्राचार्य कृपा राम ने गांधी स्मारक बनाने की मांग की है।

# नहीं रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रणजीत लाल वर्मा

अयोध्या (आरएनएस)। फैजाबाद–अयोध्या बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता रणजीत लाल वर्मा का गुरूवार को निधन हो गया। उन्होंने अयोध्या स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उनके निधन पर अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गयी। सरयू घाट पर उनके जेष्ठ पुत्र अधिवक्ता ध्रुवजीत वर्मा ने मुखाग्नि दी। अंत्येष्टि में शामिल होने वालों में प्रमुख रूप से श्रीकांत द्विवेदी, अधिवक्ता परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष जयप्रकाश श्रीवास्तव, व्यापारी नेता सुशील जायसवाल ,वरिष्ठ अधिवक्ता विश्वनाथ त्रिपाठी ,अधिवक्ता सत्यदेव सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता योगेश श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव सहित तमाम अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

# देश में घुसने नहीं देंगे... यूएन के जनरल सेक्रेटरी गुटेरेस की एंट्री इजरायल ने क्यों की बैन


संयुक्त राष्ट्र ने विश्व निकाय के महासचिव एंतोनियो गुतारेस के इजराइल में प्रवेश पर प्रतिबंध को उसके विदेश मंत्री की राजनीतिक बयानबाजी बताया और कहा कि संयुक्त राष्ट्र इजराइल के साथ संपर्क बनाए रखेगा क्योंकि ऐसा करना ही पड़ेगा। इजरायल के विदेश मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस के इस्राइल में घुसने पर रोक लगाई जा रही है। उन्हें अवांछित व्यक्ति घोषित किया गया है। गुतारेस ने बमबारी के बाद कहा था, श्मैं संघर्ष बढ़ने की निंदा करता हूं। इसे रोकना होगा। निश्चित रूप से युद्ध विराम किए जाने की जरूरत है।श इस्राइल ने इसे नाकाफी माना है। वहीं दूसरी तरफ संयुक्त राष्ट्र ने विश्व निकाय के महासचिव एंतोनियो गुतारेस के इजराइल में प्रवेश पर प्रतिबंध को उसके विदेश मंत्री की राजनीतिक बयानबाजी बताया और कहा कि संयुक्त राष्ट्र इजराइल के साथ संपर्क बनाए रखेगा क्योंकि ऐसा करना ही पड़ेगा।संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा कि इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल कैट्ज द्वारा संयुक्त राष्ट्र प्रमुख को अवांछित व्यक्ति कहना भी इजरायल सरकार की ओर से संयुक्त राष्ट्र कर्मचारियों पर एक और



हमला है। संयुक्त राष्ट्र पर पक्षपात और यहूदी–विरोधी होने के इजराइल के आरोप दशकों पुराने हैं, लेकिन देश पर सात अक्टूबर को हमास के हमलों के बाद से यह दरार और बढ़ गई है। इस हमले में लगभग 1,200 लोग मारे गए और गाजा में युद्ध शुरू हो गया। इजरायल के लेबनान में ईरान समर्थित चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के खिलाफ हमले और इजरायल पर ईरानी मिसाइल हमले ने पश्चिम एशिया को संपूर्ण युद्ध के कगार पर खड़ा कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पश्चिम एशिया पर एक आपातकालीन बैठक की। गुतारेस ने बैठक में जाने से पहले प्रतिबंध के बारे में पूछे गए प्रश्न का कोई उत्तर नहीं दिया। उन्होंने बैठक में जैसे को तैसा वाली हिंसा में वृद्धि को रोकने की मांग की। कैट्ज ने गुतारेस पर इजराइल के प्रति पक्षपातपूर्ण होने का आरोप लगाया और दावा किया कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने कभी भी हमास के हमलों और उसके लड़ाकों द्वारा की गई यौन हिंसा की निंदा नहीं की।

# पाकिस्तान में बच्चियों को स्टेज पर देख भाग उठा जाकिर नाइक,

जाकिर नाइक के पाकिस्तान के कई शहरों में कार्यक्रम भी रखे गए। भारत का भगौड़ा पाकिस्तान का दुलारा बन बैठा है। उसने कहा कि मुझे बेहद खुशी हो रही है कि मेरा बरसों का ख्वाब पूरा हुआ। आज मैं पाकिस्तान की सरजमीं पर हूं और अल्लाह ने मेरी बरसों की ख्वाहिश पूरी हुई। भारत का मोस्ट वांटेड जाकिर नाइक पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के दौरे पर नजर आया। पाकिस्तान में उसे इतना वीआईपी ट्रीटमेंट दिया गया कि वहां मंत्रियों में उससे मिलने की भी होड़ लग गई है। इतना ही नहीं भारत के दुश्मन जाकिर से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी मुलाकात की और गर्मजोशी के साथ जब मुलाकात हुई उसकी तस्वीरें भी सामने आई। जाकिर नाइक ने कहा कि पाकिस्तान आना उनका सपना था। जाकिर नाइक के पाकिस्तान के कई शहरों में कार्यक्रम भी रखे गए। भारत का भगौड़ा पाकिस्तान का दुलारा बन बैठा है। उसने कहा कि मुझे बेहद खुशी हो रही है कि मेरा बरसों का ख्वाब पूरा हुआ। आज मैं पाकिस्तान की सरजमीं पर हूं और अल्लाह ने मेरी बरसों की ख्वाहिश पूरी हुई। पाकिस्तान भारत के दुश्मन की ऐसी खातिरदारी कर रहा है मानों कोई बहुत बड़ा शख्स उसके देश पहुंच गया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ तो मानो जाकिर से मिलकर फूले नहीं समा रहे। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आपका स्वागत है। लोग आपकी आवाज और उपदेश को सुनने का इंतजार कर रहे हैं। आपका पाकिस्तान में होना हमारे लिए खुसी की बात है। जाकिर की तारीफ के कसीदे यही खत्म नहीं होते। शहबाज ने तो मानो खुद को पूरी दुनिया के मुसलमानों का नुमाइंदा मान लिया हो। जहरीले जाकिर को ये तक कह दिया कि दुनियाभर के मुसलमान उससे बहुत खुश



हैं। शहबाज ने कहा कि दीन और इस्लाम के लिए आपका योगदान शानदार रहा है। मुस्लिम वर्ल्ड आपसे बहुत खुश है। जाकिर नाइक को भी यकीन नहीं हो पा रहा था कि आखिर उसकी इतनी खातिरदारी क्यों की जा रही है। बदले में उसने भी कह दिया कि उसका पाकिस्तान आना बरसों का सपना था। स्टार ट्रीटमेंट लेते जाकिर का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। दरअसल, जाकिर पाकिस्तान में एक कार्यक्रम में पहुंचा था। जहां अनाथ बच्चियों को अवार्ड दिया जाना था। लेकिन जाकिर नाइक भड़क गया और बिना अवार्ड दिए वहां से चला गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में नजर आ रहा है कि स्टेज पर जैसे ही बच्चियां पहुंची जाकिर पीछे से चला गया।

बाद में वो आयोजकों पर भड़कते हुए कहा कि ये इस्लामिक सिद्धांतों के खिलाफ है। उसे बच्चियों को बेटियां कहने पर भी गुस्सा आया। 1992 के बाद जाकिर नाइक की पहली पाकिस्तान यात्रा है।

# इजरायल के साथ युद्धविराम के लिए तैयार हो गया था नसरल्लाह, लेबनान के मंत्री का दावा

हबीब ने कहा कि हम पूरी तरह सहमत थे। लेबनान युद्धविराम के लिए सहमत हुआ लेकिन (बाद में) हिजबुल्लाह के साथ परामर्श किया। (लेबनानी सदन) के अध्यक्ष नबीह बेरी ने हिज्बुल्लाह के साथ परामर्श किया और हमने अमेरिकियों और फ्रांसीसियों को इस बारे में सूचित किया कि क्या हुआ था। उन्होंने हमें बताया कि नेतन्याहू उस बयान पर भी सहमत थे जो दोनों (अमेरिकी और फ्रांसीसी) राष्ट्रपतियों द्वारा जारी किया गया था। लेबनान के विदेश मंत्री अब्दुल्ला बौ हबीब ने सीएनएन को बताया कि बेरूत में इजरायली हवाई हमले में मारे जाने से कुछ दिन पहले ही हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ 21 दिनों के युद्धविराम पर सहमति जताई थी। पिछले महीने संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर मुलाकात के बाद बाइडेन, मैक्रों और अन्य सहयोगियों द्वारा अस्थायी युद्धविराम का आह्वान किया गया था। सितंबर के मध्य में समूह द्वारा इस्तेमाल किए गए पेजर और वॉकी–टॉकी के कई विस्फोटों के लिए हिजबुल्लाह द्वारा इजराइल को दोषी ठहराए



जाने के बाद युद्धविराम की मांग उठी। हबीब ने कहा कि हम पूरी तरह सहमत थे। लेबनान युद्धविराम के लिए सहमत हुआ लेकिन (बाद में) हिजबुल्लाह के साथ परामर्श किया। (लेबनानी सदन) के अध्यक्ष नबीह बेरी ने हिज्बुल्लाह के साथ परामर्श किया और हमने अमेरिकियों और फ्रांसीसियों को इस बारे में सूचित किया कि क्या हुआ था। उन्होंने हमें बताया कि नेतन्याहू उस बयान पर भी सहमत थे जो दोनों (अमेरिकी और फ्रांसीसी) राष्ट्रपतियों द्वारा जारी किया गया था। लेबनानी विदेश मंत्री के अनुसार, व्हाइट हाउस के वरिष्ठ सलाहकार अमोस होचस्टीन युद्धविराम समझौते पर बातचीत करने के लिए लेबनान जाने वाले थे। हबीब ने कहा कि उन्होंने हमें बताया कि श्री नेतन्याहू इस पर सहमत हैं और इसलिए हमें इस पर हिजबुल्लाह की सहमति भी मिली और आप जानते हैं कि तब से क्या हुआ।

# मैक्सिको ग्वाटेमाला सीमा के समीप सेना की गोलीबारी में छह प्रवासियों की मौत

ट्रक में सवार अन्य 17 प्रवासियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। उसमें कुल 33 प्रवासी सवार थे। आम तौर पर इसी इलाके से प्रवासियों की तस्करी की जाती है, जिन्हें अक्सर मालवाहक ट्रकों में भरकर ले जाया जाता है। मैक्सिको के ग्वाटेमाला की सीमा के समीप एक ट्रक पर सैनिकों की गोलीबारी में छह प्रवासियों की मौत हो गई। रक्षा विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। विभाग के एक बयान के अनुसार, सैनिकों ने दावा किया कि जब सोमवार देर रात ट्रक और दो अन्य वाहन दक्षिणी राज्य चियापास में हुइक्सटला शहर के समीप उनके तैनाती स्थल



के पास पहुंचे तो उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी। ट्रक मिस्र, नेपाल, क्यूबा, घ्भारत, पाकिस्तान और एक अन्य देश से प्रवासियों को ले जा रहा था, जिस पर दो सैनिकों ने गोलियां चलाईं। सैनिक जब ट्रक के समीप पहुंचे तो उन्होंने चार प्रवासियों को मृत पाया जबकि 12 लोग घायल थे। बाद में घायलों में से दो प्रवासियों की मौत हो गई।ट्रक में सवार अन्य 17 प्रवासियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। उसमें कुल 33 प्रवासी सवार थे। आम तौर पर इसी इलाके से प्रवासियों की तस्करी की जाती है, जिन्हें अक्सर मालवाहक ट्रकों में भरकर ले जाया जाता है।

# क्या है इजरायल का पुतिन वाला प्लान ? दक्षिणी लेबनान के लगभग 30 गावों को इलाका छोड़ जाने का अल्टीमेटम

ईरान मिसाइल बरसा रहा है और इजरायल उन हमलों का मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी में है। ईरान ने इजरायल पर 200 मिसाइलें दागी तो हिजबुल्लाह की ओर से भी इजरायल पर लगातार हमले हो रहे हैं। इजरायल ने हमास की पूरी तरह से कमर तोड़ दी है और अब वो हिजबुल्ला के खिलाफ ऑपरेशन को अंजाम देने में लगा हुआ है। ईरान के हमले के बाद इजरायल आर पार के मूड में नजर आ रहा है। हिजबुल्लाह को मिटाने के लिए इजरायली सैनिक लेबनान की सीमा में दाखिल भी हो चुके हैं। ग्राइंड ऑपरेशन में इस वक्त भीषण युद्ध जारी है। इन सब के बीच कतर की ओर और यूएन की ओर से शांति और समझौते की पहल की जा रही है। हालांकि दोनों देशों की बयाबाजी के बाद ऐसा लगता नहीं है कि ये पेशकश पर कोई अमल करेगा और ये सफल होगा। ईरान और इजरायल के बीच की जंग मीडिल ईस्ट में छिड़ी है। ईरान मिसाइल बरसा रहा है और इजरायल उन हमलों का मुंहतोड़ जवाब देने की तैयारी



में है। ईरान ने इजरायल पर 200 मिसाइलें दागी तो हिजबुल्लाह की ओर से भी इजरायल पर लगातार हमले हो रहे हैं।इजरायल ने कह दिया है कि पलटवार जोरदार होगा। ऐसा होगा कि दुनिया याद रखेगी।इसके साथ ही कहा जा रहा है कि इजरायल लेबनान में पुतिन वाला प्लान अपनाने जा रहा है। दरअसल, रूस यूक्रेन वॉर के बीच मॉस्को ने कीव को कमजोर करने के लिए यूक्रेनी शहर डोनबास को उससे अलग करने का प्लान बनाया था। जिसमें पुतिन कामयाब भी हुए थे। आगे चलकर पुतिन ने डोनाबास के दो इलाके डोनेत्सक और लुहांस्क को एक देश के तौर पर मान्यता दे दी थी। डोनाबास के अलग होने से न केवल यूक्रेन की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा बल्कि उसके हाथ से युद्ध भी निकल गया। अब ऐसी ही रणनीति इजरायल भी लेबनान के खिलाफ अपना रहा है। इजरायल ने लेबनान से उसके दक्षिणी भाग को अलग करने की ठान ली है। बेंजामिन नेतन्याहू जानते हैं कि नसरल्लाह की हत्या के बाद हिजबुल्लाह के पास कोई नेतृत्व नहीं है। ऐसे में नेतन्याहू इसका पूरा फायदा उठाना चाहते हैं। दक्षिणी लेबनान हिजबुल्लाह के लिए बेहद अहम माना जाता है। यहां पर मौजूद दायफ शहर उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसे हिजबुल्लाह का लाइफ लाइन भी कहा जाता है। बेरूत, त्रिपोली और सिडोन के बाद दायर लेबनान का चौथा बड़ा शहर है। दायर का लेबनान से संपर्क टूटने के बाद यूक्रेन की तरह हिजबुल्लाह की कमर टूट जाएगी।

ये नीति पुतिन ने यूक्रेन के खिलाफ अपनाई थी और अब वही काम इजरायल लेबनान के साथ कर रहा है।

# पश्चिम एशिया में तनाव के बीच जयशंकर–ब्लिंकन की मुलाकात, क्या शांति के प्रयासों को मिलेगी सफलता ?

पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार में आने के बाद अपनी पहली यात्रा पर वॉशिंगटन पहुंच कर जयशंकर ने अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की। विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके अमेरिकी समकक्ष एंटनी ब्लिंकन ने वॉशिंगटन डीसी में मुलाकात की। इस बैठक में दोनों देशों ने वेस्ट एशिया की स्थिति, भारतीय उपमहाद्वीप, इंडो– पैसिफिक व यूक्रेन में हाल के घटनाक्रमों पर चर्चा करते हुए क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए साथ मिलकर काम करने पर कमिटमेंट जाहिर की है। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार सरकार में आने के बाद अपनी पहली यात्रा पर वॉशिंगटन पहुंच कर जयशंकर ने अमेरिकी विदेश विभाग के प्रमुख एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के हेडक्वार्टर श्फॉगी बॉटमश में बैठक के बाद ब्लिंकन ने कहा कि श्अमेरिका और भारत क्षेत्रीय और ग्लोबल चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और मैंने जलवायु संकट पर हमारे निरंतर सहयोग और रीजनल सिक्योरिटी को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की। वहीं, जयशंकर ने कहा कि वॉशिंगटन में ब्लिंकन के साथ बातचीत करके बहुत खुशी हुई। हमने डेलावेयर द्विपक्षीय और क्वॉड बैठकों पर चर्चा की। हमारी बातचीत में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने, वेस्ट



एशिया की स्थिति, भारतीय उपमहाद्वीप और इंडो– पैसिफिक व यूक्रेन में हाल के घटनाक्रम शामिल थे।उन्होंने पीएम मोदी की अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ हालिया बाइलैटरल बैठक का जिक्र किया। अमेरिका के राष्ट्रपति ने 21 सितंबर को द्विपक्षीय बैठक के लिए अपने यूक्रेन के लिए न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के महत्व को दोहराया। जयशंकर ने डेलावेयर में प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के बीच शानदार बैठक और सार्थक क्वाड बैठक के लिए ब्लिंकन को धन्यवाद दिया इससे पहले दिन में जयशंकर ने शीर्ष अमेरिकी 'थिंक–टैंक' कार्नेगी एंडोमेंट फॉर इंटरनेशनल पीस में एक चर्चा में भाग लिया।

# बंगलादेश ने उठाया बड़ा कदम, अपने राजदूतों को भारत से वापस बुलाया

रहमान 2020 से भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने दोनों पड़ोसी देशों के बीच विशेष रूप से व्यापार, कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर घनिष्ठ सहयोग की अवधि का निरीक्षण किया। शेख हसीना के पद से हटने और देश छोड़ने के बाद बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस सरकार ने गुरुवार को बड़ा फैसला लिया है। विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने एक बड़े राजनयिक फेरबदल में भारत के उच्चायुक्त मुस्तफिजुर रहमान सहित पांच दूतों को वापस बुला लिया है। अधिकारी ने बताया कि विदेश मंत्रालय ने ब्रुसेल्स, कैनबरा, लिस्बन, नई दिल्ली में दूतों और न्यूयॉर्क में



संयुक्त राष्ट्र के स्थायी मिशन को तुरंत राजधानी ढाका लौटने का आदेश दिया। यह कदम बांग्लादेश में राष्ट्रीय चुनाव से पहले उठाया गया है। हालाँकि राजनयिकों को वापस बुलाने के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं है। विश्लेषकों के अनुसार सत्ता में फेरबदल के बाद राजनयिक प्राथमिकताओं को फिर से संरेखित करने के अंतरिम सरकार के प्रयासों का हिस्सा हो सकती है। रहमान 2020 से भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने दोनों पड़ोसी देशों के बीच विशेष रूप से व्यापार, कनेक्टिविटी और क्षेत्रीय सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर घनिष्ठ सहयोग की अवधि का निरीक्षण किया। यह कदम ऐसे समय में आया है जब दक्षिण एशियाई देश में कई तरह के बदलाव देखने को मिले हैं। विरोध प्रदर्शनों के बाद शेख हसीना को इस्तीफा देने और भारत भागने के लिए मजबूर होने के बाद मुहम्मद यूनुस ने अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में पदभार संभाला। हसीना को सत्ता से बेदखल करने वाले छात्र–नेतृत्व वाले आंदोलन के परिणामस्वरूप 700 से अधिक लोग मारे गए, जिससे भारत के साथ संबंध तनावपूर्ण हो गए।यह देश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के बीच भी आया है। हसीना को हटाए जाने के तुरंत बाद, हिंदुओं और मंदिरों पर हमलों की खबरें सामने आईं। इसके बाद देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक समुदाय के सदस्यों पर 5 अगस्त को हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद कम से कम 205 हमले हुए।

# पाकिस्तान में इस वर्ष पोलियो के 26 मामले सामने आए

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की विशेष प्रतिनिधि आयशा रजा फारूक ने नये मामलों को पाकिस्तानी बच्चों के लिए ''चिंताजनक'' बताया और कहा कि उन्हें अभी भी एक ऐसी बीमारी से खतरा है जिससे आसानी से बचा जा सकता है।पाकिस्तान के सिंध प्रांत में पोलियो के दो नये मामले सामने आने के बाद इस साल देश में इस बीमारी के मामलों की संख्या बढ़कर 26 हो गई है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।सिंध प्रांत के कराची पूर्व और सुजावल जिलों में इन नये मामलों की पुष्टि हुई है। इन मामलों के सामने आने के बाद देश में पोलियो वायरस के उन्मूलन के प्रयासों को झटका लगा है।राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान में पोलियो उन्मूलन के लिए क्षेत्रीयप्रयोगशाला द्वारा जारी एक बयान में कहा गया, ''कराची पूर्व और सुजावल से इस साल का यह पहला मामला है, जहां पर्यावरणीय नमूनों में हाल के महीनों में पोलियो वायरस की मौजूदगी देखी गई है। इससे पता चलता है कि यह समुदायों में फैल रहा है और बच्चों के स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर खतरा पैदा कर रहा है।''पोलियो उन्मूलन के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की विशेष प्रतिनिधि आयशा रजा फारूक ने नये मामलों को पाकिस्तानी बच्चों के



लिए ''चिंताजनक'' बताया और कहा कि उन्हें अभी भी एक ऐसी बीमारी से खतरा है जिससे आसानी से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा, ''पोलियो का कोई इलाज नहीं है।''उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बार–बार टीकाकरण से बच्चों को इस "भयानक" बीमारी के प्रभावों से बचाया जा सकता है"। उन्होंने अभिभावकों, सामुदायिक नेताओं और शिक्षकों से आग्रह किया कि वे सभी बच्चों का टीकाकरण कराने के लिए तत्काल कदम उठाएं।

# आईपीएल 2025 मोहम्मद शमी को गुजरात टाइटंस नहीं करेगी रिटेन ? पूर्व क्रिकेटर ने बताया कारण

मोहम्मद शमी इस समय अपनी इंजरी से उबर रहे हैं। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद से वो टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। शमी अपनी फिटनेस पर जमकर काम कर रहे हैं और कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक वो न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के जरिए क्रिकेट के मैदान पर कर सकते हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी इस समय अपनी इंजरी से उबर रहे हैं। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद से वो टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। शमी अपनी फिटनेस पर जमकर काम कर रहे हैं और कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक वो न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के जरिए क्रिकेट के मैदान पर कर सकते हैं। इन सारी बातों के बीच टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने शमी को लेकर बड़ी बात कही है। दरअसल, पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि गुजरात टाइटंस चोट के कारण आईपीएल 2025 की मेगा



नीलामी से पहले तेज गेंदबाज शमी को रिटेन नहीं कर सकती है। उन्होंने कहा कि गुजरात की टीम सिर्फ 3 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है। सभी खिलाड़ियों को रिलीज कर सकती है। शमी ने आईपीएल 2023 में पर्पल कैप जीता था और 28 विकेट अपने नाम किए थे। उनकी टीम गुजरात उप विजेता रही थी। आईपीएल 2024 में घुटने की सर्जरी के कारण से शमी खेलने से चूक गए थे। आकाश के मुताबिक गुजरात कप्तान शुभमन गिल, राशिद खान और साई सुदर्शन को रिटेन कर सकती है। आकाश चोपड़ा ने अपने यूट्यूब चौनल पर बात करते हुए कहा कि एक बहुत ही सीधा रिटेंशन होगा कि आपको शुभमन गिल को रखना होगा। दूसरा कोई दिमाग लगाने वाली बात नहीं है, वह राशिद खान हैं। आपको उन्हें भी रिटेन करना चाहिए। मुझे लगता है कि साई सुदर्शन तीसरे खिलाड़ी हैं जिन्हें रिटेन किया जाना चाहिए। इसके बाद उनके पास कोई ऐसा खिलाड़ी नहीं है जिसकी कीमत 18 करोड़ हो, जिसे आप रिलीज करने पर 18 करोड़ में बेच सकें, चाहे वह केन विलियमसन हो, शमी हो, डेविड मिलर हों या कोई और नाम हो।

# क्रिकेट फैंस के लिए बुरी खबर, एशियन गेम्स 2026 में शामिल नहीं होगा क्रिकेट, जानें पूरी जानकारी

एशियन गेम्स 2026 जापान में होने हैं। जापान के हेड ऑफ क्रिकेट ऑपरेशंस एलन कर ने बताया है कि एशियाड 2026 में क्रिकेट को शामिल नहीं किया गया है। एलन कर से सवाल किया गया था कि क्या 2026 एशियाड में नागोया में मौजूदा बेसबॉल स्टेडियम का इस्तेमाल क्रिकेट मैच के लिए किया जाएगा। भारतीय क्रिकेट फैंस कुछ समय पहले बड़ी खुशखबरी आई जब देश के सबसे लोकप्रिय खेल को 2028 के लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों में शामिल किया गया था। ये पहला मौका है जब ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को शामिल किया गया। इस खुशखबरी के साथ फैंस के लिए बुरी खबर भी है। दरअसल, एशियन गेम्स 2026 में क्रिकेट को शामिल नहीं किया गया है। 2026 के एशियन गेम्स जापान में होने हैं। जापान के हेड ऑफ



क्रिकेट ऑपरेशंस एलन कर ने बताया है कि एशियाड 2026 में क्रिकेट को शामिल नहीं किया गया है। एलन कर से सवाल किया गया था कि क्या 2026 एशियाड में नागोया में मौजूदा बेसबॉल स्टेडियम का इस्तेमाल क्रिकेट मैच के लिए किया जाएगा। कर ने एमर्जंग क्रिकेट से कर ने कहा कि, देखों अगर क्रिकेट को शामिल किया जाता है तो ये शानदार होगा। हालांकि हमारी आयोजन समिति से बात हुई है जो कि साफ कर चुके हैं कि ऐसा नहीं है। एशियाड में 41 खेल होंगे लेकिन क्रिकेट अभी उस स्तर पर नहीं है। जब तक वह हमें कुछ और न कहे हम कोई प्लान तैयार नहीं करेंगे। हांगझू में हए एशियन गेम्स में भारत की महिला और पुरुष क्रिकेट टीम ने गोल्ड मेडल जीता था। ये पहला मौका था जब पुरुष टीम एशियाड में खेलती नजर आई थी।

# पंत को दिल्ली कैपिटल्स करेगी रिटेन ? पार्थ जिंदल ने दिया ये जवाब

ऋषभ पंत आईपीएल 2025 में किसी और फ्रेंचाइजी टीम के लिए खेल सकते हैं। पंत दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान हैं। लेकिन अब दिल्ली कैपिटल्स के ओ–ओनर पार्थ जिंदल ने साफ कर दिया है पंत आईपीएल 2025 में भी दिल्ली कैपिटल्स का ही हिस्सा रहेंगे और उनकी फ्रेंचाइजी टीम उनको रिटेन करेगी।आईपीएल 2025 का इंतजार फैंस को अभी से है। इसी साल के अंत में आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन होना है। वहीं मेगा ऑक्शन से पहले सभी फ्रेंचाइजी टीमों को अपने रिटेन्ड किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट बीसीसीआई को सौंपनी है। खिलाड़ियों के रिटेंशन को लेकर बीसीसीआई ने नियमों का ऐलान



कर दिया है। वहीं कहा जा रहा है कि, ऋषभ पंत आईपीएल 2025 में किसी और फ्रेंचाइजी टीम के लिए खेल सकते हैं। पंत दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान हैं। लेकिन अब दिल्ली कैपिटल्स के ओ–ओनर पार्थ जिंदल ने साफ कर दिया है पंत आईपीएल 2025 में भी दिल्ली कैपिटल्स का ही हिस्सा रहेंगे और उनकी फ्रेंचाइजी टीम उनको रिटेन करेगी। आईएनएस को दिए इंटरव्यू में पार्थ ने कहा कि, हां हम पंत को जरूर रिटेन करेंगे। हमारी टीम में कुछ बहुत ही शानदार खिलाड़ी हैं। अभी रिटेंशन के नियम हमारे सामने आए ही हैं, तो जीएमआर के साथ और हमारे डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट सौरव गांगुली के साथ डिसकशन के बाद हम कोई फैसला लेंगे। पंत को पक्का ही रिटेन किया जाएगा। हमारे पास अक्षर पटेल हैं, जो बहुत ही बेहतरीन खिलाड़ी हैं। दिल्ली कैपिटल्स के ओनर ने आगे कहा कि, ट्रिस्टन स्टब्स, जेक फ्रेजर मैकगर्क, कुलदीप यादव, अभिषेक पोरेल, मुकेश कुमार और खलीली अहमद ये सभी खिलाड़ी हमारी टीम में काफी शानदार हैं। बीसीसीआई ने रिटेंशन को लेकर जो नियम पेश किए हैं, उनसके हिसाब से कोई भी फ्रेंचाइजी टीम अपने 6 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है। इसके लिए रिटेंशन के साथ राइट टू मैच कार्ड का इस्तेमाल किया जा सकता है।

# इस पाकिस्तानी क्रिकेटर ने लिया संन्यास, टी20 क्रिकेट में झटक चुका है 25 विकेट

उस्मान ने अपने संन्यास की घोषणा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए दी। उस्मान कादिर पाकिस्तान के लीजेंड्री स्पिनर अब्दुल कादिर के बेटे हैं। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 25 टी20 और 1 वनडे मुकाबला खेला है।पाकिस्तान के 31 वर्षीय लेग स्पिनर उस्मान कादिर ने क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उस्मान ने अपने संन्यास की घोषणा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए दी। उस्मान कादिर पाकिस्तान के लीजेंड्री स्पिनर अब्दुल कादिर के बेटे हैं। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 25 टी20 और 1 वनडे मुकाबला खेला है। 25 टी20 में उन्होंने कुल 31 विकेट अपनेन नाम किए हैं। पाकिस्तान के लिए उनका आखिरी मैच 7 अक्टूबर 2023 को बांग्लादेश के खिलाफ था। उस्मान कादिर ने अपने सोशल मीडिया पर संन्यास का ऐलान करते हुए लिखा कि, मैं आज पाकिस्तान क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा कर रहा हूं, और इस अविश्वसनीय याक्षा पर विचार करते हुए मैं अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूं। अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान रहा है और मैं अपने कोचों और साथी खिलाड़ियों के लिए आभारी हूं जो हर कदम पर मेरे साथ खड़े रहे। वहीं हाल ही में उस्मान ने राष्ट्रीय टीम से बाहर किए जाने के लिए पूर्व पीसीबी तकनीकी निदेशक मोम्मद हफीज को दोषी ठहराया। एक स्थानीय यूट्यूब चौनल पर बोलते हुए, उस्मान ने दावा किया है कि पूर्व टी20 कप्तान शाहीन अफरीदी ने घरेलू क्रिकेट में उनके हालिया प्रदर्शन के आधार पर उन्हें जनवरी में न्यूजीलैंड सीरीज के लिए चयन का आश्वासन दिया था। उन्होंने हफीज पर उनके चयन के खिलाफ वकालत करने का आरोप लगाया और दावा किया कि इस हस्तक्षेप ने उनके करियर को प्रभावित किया है।





# मेहदी हसन मिराज को रोहित शर्मा से पंगा लेना पड़ा महंगा, ऐसे मिला मुंहतोड़ जवाब

बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में भारत ने क्लीनस्वीप किया। भारत ने सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच 1 अक्टूबर को अपने नाम कर सीरीज पर कब्जा जमाया था। मैच के चौथे और पांचवें दिन कुछ ऐसा हुआ था, जिस पर ज्यादा लोगों की नजर नहीं गई थी। बता दें कि, टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा को मैदान पर विरोधी टीम के खिलाड़ियों से पंगा लेते हुए आपने कम ही देखा होगा।भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में क्लीनस्वीप किया। भारत ने सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच 1 अक्टूबर को अपने नाम कर सीरीज पर कब्जा जमाया था। मैच के चौथे और पांचवें दिन कुछ ऐसा हुआ था, जिस पर ज्यादा लोगों की नजर नहीं गई थी। बता दें कि, टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा को मैदान पर विरोधी टीम के खिलाड़ियों से पंगा लेते हुए आपने कम ही देखा होगा, लेकिन अगर कोई पंगा ले तो ऐसे में रोहित उसे जल्दी छोड़ते भी नहीं है। ऐसा ही कुछ भारत और बांग्लादेश के बीच भी देखने को मिला। बता दें कि, इंडिया वर्सेस बांग्लादेश टेस्ट मैच ड्रॉ की ओर बढ़ रहा था, पहले दिन महज 35 ओवर का खेल हो पाया था और इसके बाद दूसरे और तीसरे दिन बारिश और गीली आउटफील्ड के चलते एक भी गेंद नहीं फेंकी जा सकती थी। चौथे दिन बांग्लादेश ने 107 रनों पर तीन विकेट से आगे खेलना शुरू किया। भारतीय गेंदबाजों और फील्डर्स ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया और बांग्लादेश की पूरी टीम पहली पारी में 233 रनों पर सिमट गई। जवाब में टीम इंडिय जब बैटिंग करने उतरी तो पहली ही गेंद से अपना इरादा साफ कर दिया। रोहित और यशस्वी जायसवाल ने मिलकर बांग्लादेशी गेंदबाजों की खटिया खड़ी करना शुरू कर दिया। रोहित ने दो छक्के के साथ अपनी पारी का आगाज किया। इसके बाद मेहदी हसन मिराज बांग्लादेश की ओर से चौथा औवर करने आए। चौथी गेंद पर रोहित के खिलाफ मेहदी हसन ने एलबीडब्ल्यू की जोरदार अपील की और फील्ड अंपायर रिचर्ड केटलबर्ग ने उन्हें आउट भी दे दिया, रोहित ने तुरंत रिव्यू लिया और वह नॉटआउट रहे, लेकिन अगली ही गेंद पर उनका ध्यान भंग हुआ और वह बोल्ड हो गए।

# आई सीसी ने इस श्रीलंकाई क्रिकेटर के खिलाफ की सख्त कार्रवाई, लगाया एक साल का बैन

प्रवीण जयविक्रमा पर आईसीसी ने एंटी करप्शन कोड के उल्लघंन में एक साल का बैन लगाया है। इस दौरान वह 6 महीने के लिए सस्पेंड रहेंगे। जयविक्रमा पर ये प्रतिबंधा आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन की बात स्वीकार करने के बाद लगाया गया है। जयविक्रमा ने संहिता के अनुच्छेद 2.4.7 के उल्लंघन की बात स्वीकार की है।श्रीलंका के क्रिकेटर प्रवीण जयविक्रमा पर आईसीसी ने एंटी करप्शन कोड के उल्लघंन में एक साल



का बैन लगाया है। इस दौरान वह 6 महीने के लिए सस्पेंड रहेंगे। जयविक्रमा पर ये प्रतिबंधा आईसीसी की भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन की बात स्वीकार करने के बाद लगाया गया है। जयविक्रमा ने संहिता के अनुच्छेद 2.4.7 के उल्लंघन की बात स्वीकार की है। ।ब्ब द्वारा की जा रही किसी भी जांच में बाधा डालना या देरी करना जिसमें किसी भी दस्तावेज या अन्य जानकारी को छिपाना, छेड़छाड़ करना या नष्ट करना शामिल है, जो उस जांच के लिए प्रासंगिक हो सकता है और या जो सबूत हो सकता है या भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के तहत भ्रष्ट आचरण के सबूत की खोच का कारण बन सकता है। यविक्रमा ने आखिरी बार 2022 में श्रीलंका का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने पांच टेस्ट, पांच वनडे और इतने ही टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। इन 15 मैचों में उन्होंने कुल 32 विकेट चटकाए हैं। बता दं कि, जयविक्रमा पर लगे आरोप अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट और लंका प्रीमियर लीग से संबंधित हैं।

# मौसम बदलने से हो रहा है गले में इंफेक्शन और जुकाम, शहद के साथ ये चीज मिलाकर पाएं आराम

अक्टूबर आते ही मौसम बदलने लगा है. थोड़े–थोड़े ठंड का भी एहसास हो रहा है. दिन में थोड़ी गर्मी लेकिन रात में ठंड लग रही है. ऐसे में गले में इंफेक्शन और जुकाम जैसी छोटी–छोटी समस्याएं परेशान कर सकती हैं. हालांकि, इनसे बचने के लिए कुछ घरेलू उपाय कर सकते हैं.

सर्दी–जुकाम या गले में खराश–इंफेक्शन से बचने के लिए शहद रामबाण साबित हो सकता है. शहद में कुछ चीजें मिलाकर खाने से इस तरह की प्रॉब्लम्स से छुटकारा मिल सकता है. शरीर की इम्यूनिटी भी बढ़ती है और कई बीमारियां दूर ही रहती हैं.

**शहद में अदरक मिलाकर खाएं**

गले में इंफेक्शन और जुकाम के लिए शहद और लहसुन चमत्कारिक है. बच्चे हों या बड़े शहद में लिपटी लहसुन की एक कली हर दिन खाने से इससे जल्दी आराम मिल जाएगा. लहसुन में एलिसिन पाया जाता है, जो ब्लड शुगर घटाने, कोलेस्ट्रॉल कम करने और इंफेक्शन से लडने में मदद करता है. लहसुन–शहद दोनों एंटी ऑक्सीडेंट्स से भरपूर हैं. इससे इम्यूनिटी सिस्टम भी मजबूत होता है.

**शहद और मुलेठी**

मुलेठी के छोटे टुकड़े चूसने से गले की खराश, इंफेक्शन, जुकाम और खांसी ठीक हो जाती है. मुलेठी में एंटी–ऑक्सिडेंट्स और एंटीबायोटिक गुण होते हैं, जो कई बीमारियों से बचाते हैं. इससे अर्थराइटिस, दर्द सूजन को कम करने में भी मदद मिलती है. मुलेठी में मैग्नीशियम, कैल्शियम और बीटा कैराटीन जैसे मिनरल्स और फ्लेवोनॉइड्स भी होते हैं, जो इसे ज्यादा ताकतवर बनाते हैं. इसे शहद के साथ मिलाकर खाने से शरीर को काफी फायदे होते हैं. एक चम्मच मुलेठी के पाउडर में शहद मिलकार दिन में दो बार खाने से मौसमी बीमारियों से राहत मिलती है.

**इन चीजों से भी गले की दिक्कत होगी दूर**



गले में राहत देने के लिए तुलसी की पत्तियां भी कमाल की होती हैं. अगर सर्दी में आपके गले में दर्द रहता है या फिर किसी भी तरीके के संक्रमण से बोलने में भी दिक्कत हो रही है तो तुलसी के पत्ते को खाने से ये दिक्कत दूर हो जाएगी,

क्योंकि तुलसी के पत्तों में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो खाने से गले में काफी राहत पहुंचाने का काम करेगें. इन पत्तियों को आप कच्चा या फिर पानी में उबालकर भी खा सकते हैं. इसके अलावा गले में दिक्कत होने पर आप अदरक को चबाकर खाएंगे तो ये भी आपके लिए कारगर साबित होगा.

# जिम या डाइटिंग के बिना भी तेजी से घटा सकते हैं वजन, बस आज से ही खाना शुरू करते हैं पपीता, फिर देखें कमाल

आजकल खराब खानपान और लाइफस्टाइल की वजह से वजन बढना और मोटापा आम समस्या बन चुकी है. इसकी वजह से तोंद बाहर निकल आता है, जो पर्सनालिटी को भद्दा बनाता है. यही कारण है कि वजन कम करने लोग हर तरकीब आजमाते हैं. कई–कई घंटे जिम में पसीना बहाते हैं, डाइटिंग करते हैं. बावजूद इसके वजन कम नहीं हो पाता है.

ऐसे में पपीता आपके लिए फायदेमंद हो सकता है. यह वेट लॉस में मददगार हो सकता है. पपीते में कई ऐसे पोषक तत्व होते हैं, जो वजन कंट्रोल करने में मददगार होते हैं. इसमें फाइबर की मात्रा ज्यादा और कैलोरी काफी कम होती है. इस कारण चर्बी घटाने और वजन कम करने में पपीता को कोई तोड़ नहीं है. इसे चार तरह से अपने डाइट में शामिल कर सकते हैं...

**पपीते के जूस बनाकर पिएं**

अगर आप वजन कम करना चाहते हैं तो पपीते का जूस बनाकर पी सकते हैं. इसमें मौजूद पोषक तत्व शरीर की चर्बी घटाकर फिटनेस को अच्छा बनाता है. पपीते का सेवन पाचन





तंत्र को दुरुस्त रखने का काम करता है.

**ब्रेकफास्ट में पपीता शामिल करें**

वजन कम करने के लिए ब्रेकफास्ट में पपीता शामिल करना चाहिए. इससे शरीर को एनर्जी मिलती है और एक्स्ट्रा चर्बी कम होती है. सुबह के नाश्ते में पपीते को स्लाइट में काटकर उस पर काला नमक और काली मिर्च डालकर भी खा सकते हैं.

**दूध और पपीते का सेवन**

ब्रेकफास्ट में कुछ हैवी खाना है तो दूध और पपीता खाना फायदेमंद हो सकता है. मिक्सी में एक गिलास दूध और पपीते के स्लाइस डालकर उसे ब्लेंड करें. कुछ ड्राई फ्रूट्स और नट्स भी डाल सकते हैं. इससे पेट लंबे समय तक भरा रहता है और बार–बार भूख नहीं लगती है. जिससे वजन कम हो जाता है.

**पपीता और दही खाएं**

पपीते को दही के साथ मिलाकर खाना भी फायदेमंद माना जाता है. यह स्वाद से भरपूर और वजन घटाने में मददगार होता है. एक बाउल दही में पपीता और ड्राई फ्रूट्स मिलाकर उसका सेवन कर सकते हैं. इससे शरीर को पोषक तत्व मिलता है और वजन भी तेजी से घट सकता है.

# रजनीकांत की वेट्टैयन का धांसू ट्रेलर रिलीज, मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने आया थलाइवा

रजनीकांत और टीजे ग्नानवेल का एक्शन ड्रामा वेट्टैयन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए तैयार है. यह फिल्म 10 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. रिलीज से एक सप्ताह पहले मेकर्स ने वेट्टैयन का ट्रेलर जारी किया है, जो काफी धांसू है. रजनीकांत का दमदार परफॉर्मेंस ने फैंस की उत्सुकता को बढ़ा दिया है.बुधवार को मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन का धांसू ट्रेलर रिलीज किया है. वेट्टैयन का ट्रेलर तमिल, तेलुगू, हिंदी और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज किया है. फिल्म का ट्रेलर काफी दमदार है.2.39 मिनट के ट्रेलर में एक मिस्ट्री मर्डर दिखाई गई है, जिसे लेकर जनता काफी आक्रोश होती है. इस केस को लेकर जनता सड़क पर उतर आती है और जोर से नारेबाजी करती है. नाराज जनता पुलिस की गाडियों पर पथराव भी करती है. इस बीच अमिताभ बच्चन, जो एक हाई ऑफिसर की भूमिका में नजर आते है, राणा दग्गुबाती



समेत कई कलाकारों की झलक दिखाई जाती है. इस बीच मर्डर मिस्ट्री को सुलझाने के लिए रजनीकांत की एक पुलिस ऑफिसर के तौर पर धांसू एंट्री होती है, जो दुश्मनों से फाइट करते हुए दिखाई देते हैं.टीजे ग्नानवेल की निर्देशित फिल्म वेट्टैयन रजनीकांत की 170वीं फिल्म भी है. इस फिल्म की शूटिंग चेन्नई के अलावा हैदराबाद, मुंबई और तिरुवनंतपुरम समेत भारत के कई खूबसूरत जगहों पर की गई है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म को 160 करोड़ रुपये के अनुमानित बजट के साथ बनाया गया है. यह फिल्म इस साल की सबसे बड़ी रिलीज में से एक होने वाली है.फिल्म में रजनीकांत के साथ बॉलीवुड के मेगास्टार अमिताभ बच्चन भी अहम भूमिका में नजर आएंगे. इनके अलावा राणा दग्गुबाती, फहद फासिल, मंजू वारियर, रितिका सिंह, रोहिणी, दुशरा विजयन, राव रमेश और रमेश थिलक जैसे कलाकार भी शामिल है.।

## ध्रुव सरजा फिल्म मार्टिन का लव सान्ग अदनथेले रिलीज

कन्नड़ अभिनेता ध्रुव सरजा की बहुप्रतीक्षित फिल्म मार्टिन 11 अक्टूबर को रिलीज होने की पुष्टि हुई है, जिससे आगे की देरी की अफवाहों पर विराम लग गया है। फिल्म का पहला सिंगल, अधंथाले आज रिलीज हुआ, जिसमें ध्रुव और वैभवी शांडिल्य एक रोमांटिक युगल गीत में नजर आए। मणि शर्मा द्वारा रचित और इमरान सरदारिया द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना देखने में बेहद खूबसूरत और मधुर है, जिसे शानदार लोकेशन पर फिल्माया गया है। हालांकि, उनके प्रयासों के बावजूद मुख्य जोड़ी के बीच केमिस्ट्री की कमी नजर आती है। एपी अर्जुन द्वारा निर्देशित मार्टिन, ध्रुव के चाचा, एक्शन किंग अर्जुन सरजा की कहानी पर आधारित है और काफी समय से निर्माण में है। फिल्म को शुरू में 2022 में रिलीज किया जाना था, लेकिन इसके निर्माण और पोस्ट–प्रोडक्शन में देरी हुई। हाल ही में, फिल्म ने वीएफएक्स वर्क कॉन्ट्रैक्ट के मुद्दों और निर्देशक अर्जुन पर भारी कमीशन लेने के आरोपों के कारण सुर्खियां बटोरीं, जिसका उन्होंने खंडन किया।चुनौतियों के बावजूद, टीम 11 अक्टूबर को मार्टिन को रिलीज करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो रजनीकांत की वेट्टैयान के साथ बॉक्स ऑफिस पर टकराव की स्थिति पैदा करेगी। फिल्म में निकितिन धीर और अन्वेषी जैन भी हैं और इसे उदय के मेहता ने प्रोड्यूस किया है। इसकी रिलीज की तारीख की पुष्टि के साथ, प्रशंसक एक रोमांचक सिनेमाई अनुभव की उम्मीद कर सकते हैं।बड़े पर्दे पर मार्टिन की यात्रा लंबी और चुनौतीपूर्ण रही है, लेकिन टीम की दृढ़ता ने भुगतान किया है। अपने शानदार दृश्यों और मधुर साउंडट्रैक के साथ, फिल्म दर्शकों को लुभाने की उम्मीद है। ध्रुव सरजा की अगली बड़ी परियोजना के रूप में, मार्टिन ने महत्वपूर्ण चर्चा पैदा की है, और कन्नड़ फिल्म उद्योग में इसकी रिलीज का बहुत इंतजार किया जा रहा है।

# जूनियर एनटीआर की देवरा ने बाक्स आफिस पर मचाया गदर, 200 करोड़ की ओर कलेक्शन

जूनियर एनटीआर की मोस्ट अवेटेड फिल्म श्देवारा पार्ट 1च 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. एक्शन ड्रामा का क्रेज रिलीज से पहले ही पीक पर पहुंच गया था. वहीं सिनेमाघरों में दस्तक देने के बाद देवारा पार्ट 1च को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ उमड़ पड़ी और इसने पहले दिन बंपर ओपनिंग की. तब से ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. हालांकि अब वीकडेज में फिल्म की कमाई में गिरावट भी देखी जा रही है. चलिए यहां जानते हैं श्देवारा पार्ट 1चने रिलीज के 5वें दिन कितना कलेक्शन किया है?

जूनियर एनटीआर की श्देवारा पार्ट 1च काफी उम्मीदों के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म ने धांसू ओपनिंग भी की लेकिन फिर दूसरे ही दिन फिल्म की कमाई में लुढ़क गई. इसके बाद संडे को भी श्देवारा पार्ट 1च कुछ कमाल नहीं कर पाई. अब वीकडेज में तो ये एक्शन थ्रिलर बॉक्स ऑफिस पर ठंडा परफॉर्म कर रही है. फिल्म रिलीज के पांच दिन बाद भी 200 करोड़ का आंकड़ा छू नहीं पाई है.

फिल्म की की कमाई की बात करें तो देवारा पार्ट 1च ने पहले दिन 82.5 करोड़ से ओपनिंग की थी.दूसरे दिन फिल्म की कमाई में 53.70 फीसदी की गिरावट आई और इसने 38.2 करोड़ का कलेक्शन किया. तीसरे दिन फिल्म ने 4.45 फीसदी की तेजी के साथ 39.9 करोड़ कमाए. चौथे दिन श्देवारा पार्ट 1च की कमाई में 68.05 फीसदी की गिरावट आई और इसने 12.75 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के पांचवें दिन यानी पहले मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं,सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक श्देवारा पार्ट 1च ने रिलीज के पांचवें दिन 13. 50 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ श्देवारा पार्ट 1च का 5 दिनों का कुल कलेक्शन 186.85 करोड़ रुपये हो गया है.श्देवारा पार्ट 1च की कमाई को देखा जाए तो इसने अभी तक तेलुग में ही अच्छा बिजनेस किया है. हिंदी में फिल्म खास परफॉर्म नहीं कर पा रही है. ये हाल तब है जब जूनियर एनटीआर पैन इंडिया स्टार के तौर पर फेमस हैं और फिल्म में बॉलीवुड के दो बड़े नाम सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर भी जुड़े हुए हैं. ऐसे में उम्मीद लगाई जा रही थी कि श्देवारा पार्ट 1च हिंदी वर्जन में भी बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई करेगी. हालांकि ऐसा नहीं हुआ. अब फिल्म को अपने कलेक्शन में बढ़ोतरी के लिए हिंदी में भी अपनी पकड़ मजूबत करनी होगी. उम्मीद है कि 2 अक्टूबर को गांधी जयंती की छुट्टी पर फिल्म की कमाई में उछाल आएगा. अब देखने वाली बात होगी कि श्देवारा पार्ट 1च कितनी कमाई कर पाती है.देवरा में जूनियर एनटीआर डबल रोल में हैं उनके साथ जाह्ववी कपूर, सैफ अली खान,



प्रकाश राज और शाइन टॉम चाको जैसे कई कलाकार खास रोल में हैं.

# विजय की आखिरी फिल्म थलापति 69 से आया बड़ा अपडेट, बलीवुड स्टार बबी देओल की हुई एंट्री

थलापति 69 साउथ सुपरस्टार विजय की आखिरी फिल्म हो सकती है इसीलिए फैंस इसे लेकर काफी एक्साइटेड हैं. इसी के साथ मेकर्स भी आए दिन फिल्म से नया अपडेट शेयर करते हुए फैंस की एक्साइटमेंट बरकरार रख रहे हैं. इसी बीच मेकर्स ने फिल्म की कास्ट रिवील की है. तो आइए जानते हैं थलापति की फिल्म में किस बॉलीवुड एक्टर ने एंट्री ली है.थलापति 69 के मेकर्स ने बड़ा अपडेट शेयर करते हुए बताया कि फिल्म में बॉबी देओल की एंट्री हो चुकी है. हालांकि उनका रोल क्या होगा अभी इस बारे में खुलासा नहीं हुआ है. केवीएन प्रोडक्शन ने हाल ही में एक धांसू पोस्टर शेयर किया जिसमें बॉबी देओल का फेस रिवील किया गया. पोस्टर के साथ मेकर्स ने कैप्शन लिखा– 100त्न ऑफिशियल, हम बहुत खुश और एक्साइटेड हैं अनाउंस करते हुए कि बॉबी देओल ने थलापति 69 की कास्ट जॉइन कर ली है. थलापति 69 में बॉबी देओल की एंट्री से फैंस काफी खुश हो गए हैं सबने कमेंट सेक्शन में अपनी खुशी जाहिर की. एक ने लिखा– वाह थलापति विजय और बॉबी देओल, स्क्रीन पर धमाका होगा.



एक ने कमेंट किया– वाव बड़े पर्दे पर धमाका होगा. एक ने लिखा–थलापति का लुक कब सामने आएगा, अब इंतजार नहीं हो रहा. केवीएन प्रोडक्शंस ने थलापति 69 को प्रोड्यूस किया है जिसे तमिल, तेलुगु और हिंदी में रिलीज किया जाएगा. प्रोडक्शन हाउस ने हाल ही में फिल्म का पोस्टर भी रिलीज किया और टैगलाइन के साथ इसकी डिटेल की अनाउंसमेंट की. उन्होंने कैप्शन में लिखा– द टॉर्च बैरियर ऑफ डेमोक्रेसी. हमें यह अनाउंस करते हुए बहुत गर्व और एक्साइटमेंट हो रहा है कि हमारी पहली तमिल फिल्म थलपति 69 है, जिसका निर्देशन दूरदर्शी एच विनोथ ने किया है और म्यूजिक रॉकस्टार अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है. थलपति विजय के साथ कोलेब करके बहुत खुशी हुई. द टॉर्च बेरियर ऑफ डेमोक्रेसी अक्टूबर 2025 में आ रहे हैं.

उनकी पॉलीटिकल पार्टी का नाम तमिलगा वेत्री कझगम है. वर्कफ्रंट की बात करें तो फिलहाल विजय अपनी हालिया रिलीज फिल्म गोट की सफलता का आनंद ले रहे हैं. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार ओपनिंग की थी. वहीं घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने 200 करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ रुपये के क्लब में एंट्री कर ली है. वहीं चर्चा है कि विजय थलापति 69 के बाद सिर्फ अपने पॉलीटिकल करियर पर फोकस करेंगे.

# कार्तिक आर्यन की सबसे बड़ी नान थिएट्रिकल डील, 135 करोड़ में बिके भूल भुलैया 3 के राइट्स

कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, तृप्ति डिमरी और माधुरी दीक्षित स्टारर अनीस बज्मी निर्देशित हॉरर कॉमेडी, भूल भुलैया 3 का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. वहीं मेकर्स ने हाल ही में फिल्म का टीजर लॉन्च किया है जिस पर फैंस का शानदार रिएक्शन देखने को मिला है. अब हाल ही में पता चला है कि भूषण कुमार ने भूल भुलैया 3 के लिए एक बड़ी नॉन–थिएट्रिकल डील तय की है. जो इस फ्रेंचाइजी और कार्तिक आर्यन के लिए अब तक की सबसे बड़ी डील है.रिपोर्ट्स के मुताबिक भूल भुलैया 3 के डिजिटल सैटेलाइट और म्यूजिक राइट्स 135 करोड़ रूपये में बेचे गए हैं. भूल भुलैया 2 की सफलता के बाद नेटफ्लिक्स ने डिजिटल राइट्स के लिए मोटी रकम हासिल की है, लेकिन सैटेलाइट राइट्स सोनी नेटवर्क के पास हैं. दूसरी ओर टीम म्यूजिक से बड़ा मुनाफा कमाने के लिए एक्साइटेड है. क्योंकि एल्बम में 4 सुपर–हिट गाने हैं.भूल भुलैया 3 की टीम ने नॉन थिएट्रिकल राइट्स की प्री सेल के साथ अपने बजट का एक बड़ा हिस्सा कवर कर लिया है. अनीस बज्मी और भूषण कुमार ने हॉरर कॉमेडी को बड़े पैमाने पर पेश करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है. भूल भुलैया 3 को प्रिंट और प्रमोशन को छोड़कर, 150 करोड़ रुपये के बजट पर बनाया गया है, और बैक–एंड सौदों के साथ एक बड़ा हिस्सा पहले ही वसूल लिया जा चुका है.इस बीच, भूल भुलैया 3 का ट्रेलर 6 अक्टूबर, 2024 को डिजिटल रूप से रिलीज होगा. मेकर्स ने इसे पूरी स्टार कास्ट की मौजूदगी में मुंबई में एक ग्रैंड कार्यक्रम में लॉन्च करने की योजना बनाई है.



## अवनीत कौर ने रिवीलिंग आउटफिट पहन दिए किलर पोज, एक्ट्रेस की बोल्डनेस ने फैंस को किया घायल

बॉलीवुड एक्ट्रेस अवनीत कौर आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका किलर अवतार इंटरनेट पर आते ही छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कर एक



बार फिर से फैंस के बीच लाइमलाइट लूट ली है। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं। अवनीत कौर ने एक बार फिर अपने बोल्ड लुक से सभी को चौंका दिया है. हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें वह एक नेटेड व्हाइट गाउन में बेहद खूबसूरत लग रही हैं. ग्लोइंग मेकअप और खास अंदाज में बंधे बालों के साथ उनका यह लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है.अपने इस बोल्ड अवतार में अवनीत ने कई किलर पोज दिए हैं, जिससे उनके फैंस काफी उत्साहित हैं. सोशल मीडिया पर उनकी इन तस्वीरों को खूब शेयर किया जा रहा है और लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं.अवनीत कौर एक जानी–मानी टीवी एक्ट्रेस और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं. वह अपने बोल्ड और स्टाइलिश लुक के लिए जानी जाती हैं.एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस अक्सर अपने होश खो बैठते हैं।

## 58 साल के सलमान खान के लिए आया मैरिज प्रपोजल, बला की खूबसूरत है लड़की, क्या पिघल गये सुपरस्टार?

भले ही सुपरस्टार सलमान खान ने साफ तौर पर कहा हो कि वह शादी नहीं करेंगे क्योंकि उनकी उम्र बीत चुकी है, लेकिन सवाल थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अभिनेता ने 90 के दशक में संगीता बिजलानी, सोमी अली और ऐश्वर्या राय बच्चन जैसी कई खूबसूरत अभिनेत्रियों को डेट किया।सलमान खान की फैन फॉलोइंग और उनका स्वैग किसी से छुपा नहीं हैं। सलमान खान के दीवाने उनकी एक एक झलक को तरसते हैं। आज हम आपको बताते हैं सलमान खान की दीवानगी का एक किस्सा। सलमान खान से हमेशा पूछा जाता है कि वह शादी कब करेंगे। भले ही सुपरस्टार ने साफ तौर पर कहा हो कि वह शादी नहीं करेंगे क्योंकि उनकी ष्उम्रष बीत चुकी है, लेकिन सवाल थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अभिनेता ने 90 के दशक में संगीता बिजलानी, सोमी अली और ऐश्वर्या राय बच्चन जैसी कई खूबसूरत अभिनेत्रियों को डेट किया। हालांकि, उनके रिश्ते कभी नहीं चल पाए। लेकिन क्या आप जानते हैं कि 2023 में सलमान को शादी का प्रस्ताव मिला था? एक चौंकाने वाली घटना में, इंटरनेट पर वायरल हो रहे वीडियो में से एक दबंग अभिनेता का है, जिसमें उन्हें हॉलीवुड की एक रिपोर्टर प्रपोज कर रही है। एक रिपोर्टर सलमान खान से कहती है कि वह उन्हें प्रपोज करने के लिए हॉलीवुड से आई है। वह कहती है, ष्जब मैंने तुम्हें देखा, उसी पल मुझे तुमसे प्यार हो गया।ष इस पर, सुपरस्टार पूछता है कि क्या वह शाहरुख खान के बारे में बात कर रही है।

# आईफा उत्सवम में पारुल यादव ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया



अभिनेत्री पारुल यादव इस साल के आईफा उत्सवम में पारंपरिक सौंदर्य मानकों को चुनौती देते हुए एक चिक शॉर्ट हेयरस्टाइल की शुरुआत करने वाली पहली अभिनेत्री के रूप में सुर्खियों में आई हैं। अपनी ट्रेंडसेटिंग शैली के लिए जानी जाने वाली, यादव देश भर की युवा महिलाओं के लिए एक प्रेरणा के रूप में काम करती हैं, जो लगातार अपने साहसिक और अभिनव फैशन विकल्पों का प्रदर्शन करती हैं।एक ऐसे कार्यक्रम में जहां कई लोग पूरी तरह से कपड़ों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, यादव के बालों का परिवर्तन अलग है, जिसमें सुरुचिपूर्ण हाइलाइट्स हैं जो उनके लुक को बढ़ाते हैं। एक शानदार गुलाबी गाउन पहने, उन्होंने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और उन्हें उत्सव में सबसे अच्छे कपड़े पहनने वाले उपस्थित लोगों में से एक के रूप में पहचाना गया।यादव की आगामी परियोजनाओं के बारे में अपडेट के लिए बने रहें, आधिकारिक घोषणाएं जल्द ही होने की उम्मीद है।

# अवनीत कौर ने फिल्म लव इन वियतनाम का पहला शेड्यूल पूरा किया

अभिनेत्री अवनीत कौर ने अपनी फिल्म लव इन वियतनाम का पहला शेड्यूल पूरा कर लिया है। यह उनकी अंतर्राष्ट्रीय फिल्म है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी होने के बाद सेट से कुछ तस्वीरें साझा की।इंस्टाग्राम पर अवनीत के 31. 9 मिलियन फॉलोअर्स हैं। उन्होंने अपने कलाकारों और क्रू के सदस्यों के साथ तस्वीरों की एक श्रृंखला और खूबसूरत वियतनाम की कुछ झलकियां शेयर की।उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, और यह लव इन वियतनाम (गुलाबी दिल वाली इमोजी के साथ) के पहले शेड्यूल का रैप है। जल्द ही सिनेमाघरों में आ रहा है (क्लैप–बोर्ड इमोजी के साथ)। मुझे इस अंतर्राष्ट्रीय परियोजना और भारत–वियतनाम के सहयोग से बन रही पहली फिल्म का हिस्सा बनने पर बहुत गर्व है। अगले साल कान्स फिल्म फेस्टिवल में मिलते हैं।पोस्ट में, अभिनेत्री कौर एक क्लैपरबोर्ड पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं, जिसके चारों ओर कुछ ऐसी तस्वीरें हैं जो उनकी जिंदादिली को दर्शाती हैं। वियतनाम की खूबसूरती इनमें साफ छलक रही है और अवनीत क्रू के साथ बेहद खुश नजर आ रही हैं।अवनीत के लुक की फैंस ने प्रशंसा की है। एक फैन ने लिखा, हम सभी को बहुत–बहुत बधाई। हम बहुत खुश हैं कि आप इस ऐतिहासिक परियोजना का हिस्सा हैं। और केवल कान्स ही नहीं... हम अगले साल दुनिया को हिलाकर रख देंगे। एक अन्य यूजर ने लिखा, आपको टीवी स्क्रीन पर देखने से लेकर कान्स फ्लोर पर आपको देखना मेरे लिए वास्तव में गर्व की बात है!!! मैं आपके लिए बहुत बहुत बहुत खुश



हूं अवु दीदी!!! मेरी तरफ से ढेर सारा प्यार और सम्मान। लव इन वियतनाम फिल्म बेस्टसेलर मैडोना इन ए फर कोट पर आधािरत है, फिल्म में शांतनु और वियतनामी अभिनेत्री खा नगन भी हैं, निर्देशन राहत शाह काजमी ने किया है और इसका निर्माण ओमंग कुमार ने किया है। अवनीत ने साल 2010 में जी टीवी के डांस शो डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स से मनोरंजन की दुनिया में कदम रखा था। उन्होंने 2012 में लाइफ ओके के शो मेरी मां से एक्टिंग में डेब्यू किया।इसके बाद अभिनेत्री सब टीवी के टेढ़े हैं पर तेरे मेरे हैं में नजर आईं। उन्होंने तारे जमीन पर फेम अभिनेता दर्शील सफारी के साथ सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 5 में भी हिस्सा लिया था। इसके अलावा, वह मर्दानी, चिड़ियाखाना, टीकू वेड्स शेरू और लव की अरेंज मैरिज जैसी फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं।

# लोक अदालत को लेकर जनपद न्यायालय द्वारा निकाली गई नियुक्ति।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के पत्र संख्या 1324धएसएलएसए–23–2016 दिनांकित 07 सितम्बर 2020 के साथ संलग्नक उ.प्र. शासन के शासनादेश संख्या 02/2018/661/सात–न्याय–7–2018–47 द 2002 दिनांकित 30 जनवरी 2018 के द्वारा जनपद सिद्धार्थनगर में गठित स्थायी लोक अदालत के लिए निर्धारित मानदेय रू. 9,000६ – प्रतिमाह पर एक पेशकार एवं निर्धारित मानदेय रू. 9,000६– प्रतिमाह पर एक आशुलिपिक ग्रेड–2 तथा निर्धारित मानदेय रू. 7000६– प्रतिमाह पर एक चपरासी के पदों पर माननीय जनपद न्यायाधीष/अध्यक्ष महोदय से प्राप्त निर्देष दिनांकित 01.10.2024 के क्रम में नियुक्ति की जानी है इस संबंध में जिला न्यायालय अथवा कलक्ट्रेट न्यायालय के सेवानिवृत कर्मी अर्ह है, जिनकी आयु 65 वर्ष से कम हो उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु अर्ह आवेदकों से दिनांक 18.10. 2024 तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर एवं माननीय उच्च न्यायालय के वेवसाइड से प्राप्त किया जा सकता है आवेदन पत्र अध्यक्षध्जनपद न्यायाधीश, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर के नाम से पंजीकृत डाक से प्रेषित किये जा सकते है अथवा सीधे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिद्धार्थनगर के कार्यालय में कार्यदिवस में प्राप्त कराये जा सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जायेगा नियुक्त होने वाले कर्मचारियों का कार्यकाल अधिकतम 2 वर्ष का होगा एवं मानदेय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण /राज्य सरकार द्वारा निर्गत निर्देशों के अधीन होगा।

# विकास खंड उसका बाजार के ग्राम भिटिया में प्राथमिक विद्यालय का किया गया निरीक्षण।

ब्यूरो सिद्धार्थनगर–

मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा पूर्व माध्यमिक विद्यालय–भिटिया विकास खण्ड क्षेत्र–उसका बाजार का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान शिक्षकगण एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति पंजिका को देखा गया निरीक्षण के समय 02 सहायक अध्यापक व 02 अनुदेशकधशिक्षामिश्र एवम 01 अनुचर उपस्थित थी नामाकंन 145 के सापेक्ष मात्र आज मात्र 76 बच्चें उपस्थित पाये गये प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया कि बच्चो की उपस्थिति बढ़ाने के लिए अभिभावक से वार्तालाप करें तथा नियमित रूप से ग्राम में भ्रमण करें विद्यालय में एम.डी.एम. बनाया गया , परन्तु सैंपल नही रखा गया है व्रत वाले बच्चों को फल वितरित किया गया है प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया कि खेल सामग्री को मध्यावकाश में सामग्री बच्चों को वितरित करें जिन बच्चो के अभिभावक के खाते में ड्रेस, किताब, जूता मोजा आदि क्रय करने हेतु धनराशि प्रेषित किया गया है, ऐसे अभिभावको को जागरूक करते हुए क्रय कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया ।



# निर्माणाधीन पानी की टंकी का मुख्य विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण।

C;jk fl)kFkuxj&

जयेन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत भिटिया में निर्माणाधीन पाइप पेजयल योजना का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय खण्ड विकास अधिकारी, उसका, ग्राम प्रधान, अवर अभियन्ता, जल निगम, निर्माण फर्म मेसर्स एच.सी.एल. कम्पनी के कर्मचारी उपस्थित रहे जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज–3 में यह परियोजना स्वीकृत है, जिसकी कार्यदायी संस्था मेसर्स एच.सी.एल. है अवर अभियंता द्वारा बताया गया कि पम्प हाउस, बोरिंग एवं पाइप लाइन विछाने का कार्य पूर्ण हो गया है, ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य चल रहा है निर्देशित किया गया कि समय से योजना को पूर्ण कराया जाय ताकि आम जनता को योजना का लाभ मिल सके ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि पाइपलाइन बिछाने के लिए ग्राम पंचायत में सी0सी0, खण्डजा एवं इण्टरलाकिंग मार्ग तोडा गया, परन्तु अभी तक मरम्मत अभी तक पूर्ण नही कराया गया है जिस कारण ग्रामवासियों को अत्याधिक समस्या हो रही है कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि अतिशीध्र तोडे गये सड़को का पुर्ननिर्माण कराना सुनिश्चित करें पुर्ननिर्माण कार्य में निर्धारित मानक के अनुसार कार्य कराया जाय।



# उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिवों और प्रधानों को किया गया सम्मानित।

C;jk fl)kFkuxj&

गत दिवस 02 अक्टूबर 2024 को गांधी जयन्ती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयन्ती के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सचिवों, पंचायत सहायकों को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार द्वारा ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत सचिवों, पंचायत सहायकों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा सभी लोगो द्वारा श्रमदान किया गया




सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा सभी लोगो द्वारा श्रमदान किया गया

# 155वीं जयंती पर याद किये गए बापू, दी गई श्रद्धांजलि

C;jk nofj;k

देवरिया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में बुधवार को सत्य, अहिंसा एवं शांति के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 155वीं एवं ईमानदारी व सादगी के प्रतिमूर्ति पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की120वीं जयंती कलेक्ट्रेट सभागार में मनाई गई।जिलाधिकारी ने राष्ट्र की दोनों महानतम विभूतियों के योगदान को याद कर नमन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि महात्मा गांधी सत्य,अहिंसा एवं शांति जैसे मूल्य शाश्वत हैं। गांधी जी का जीवन इनके लिए समर्पित था। उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए हम सभी को कथनी एवं करनी में ऐक्य रखना चाहिये। गांधीजी ने कहा था कि जो बदलाव आप दूसरों में देखना चाहते हैं, उसे पहले स्वयं में लाइये। परिवर्तन की शुरुआत स्वयं से होती है। साथ ही उन्होंने समस्त अधिकारियों एवं कार्मिकों से गांधी जी द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करते हुए समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के हित में कार्य करने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने देश के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के योगदान को भी याद किया। गोष्ठी में सीआरओ जेआर चौधरी, एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एएसडीएम मंजूर अहमद अंसारी, एएसडीएम हरिशंकर लाल ने अपने संबोधन के माध्यम से दोनों राष्ट्रनायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन डीजीसी नवनीत मालवीय ने किया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ दोनों महान विभूतियों के चित्र पर माल्यर्पण एवं पुष्प अर्पण के साथ हुआ। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रगीत तथा बापू के प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम... एवं वैष्णव जन... का गायन किया। इसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों का जिलाधिकारी ने सम्मान किया। इस दौरान स्वच्छता की शपथ भी ली गई। इसके बाद जिलाधिकारी भुजौली कॉलोनी के निकट स्थित मलिन बस्ती पहुंची, जहां उनके नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया।

तदोपरान्त डीएम गांधी आश्रम गई और चरखा चलाकर सूत काटा। इस दौरान एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एएसडीएम हरिशंकर लाल, ईओ नगर पालिका देवरिया संजय तिवारी सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।



# कपिलवस्तु विधायक और जिलाधिकारी ने बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र का किया निरीक्षण।

C;jk fl)kFkuxj&

बाढ़ के दृष्टिगत जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर द्वारा विधायक कपिलवस्तु श्याम धनी राही के साथ तहसील नौगढ़ के अन्तर्गत अजगरा, हथिवड़ताल का निरीक्षण किया गया उक्त गांवों में नदी का पानी आ जाने के कारण बाढ़ की स्थिति बन गयी है तथा उक्त गांव मैरूण्ड हो गये है जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर ने निर्देश दिया कि यहां पर लोगो को राहत सामग्रीध राहत किट का वितरण कराने का निर्देश दिया बाढ़ से क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने का निर्देश दिया ग्रामो में बुजुर्ग, महिलाध्पुरूष, बीमार व्यक्तियों को चिन्हित कर ले इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित गांव में ऐसी महिला जो गर्भवती है और उसकी डिलेवरी 15–20 दिनों के अन्दर होना है तो उसे पहले से ही चिन्हित कर सुरक्षित प्रसव करने हेतु सुरक्षित स्थान पर पहुँचा दिया जाये जिससे उस परिवार के लोगो को कोई समस्या न होने पाये जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी नौगढ़ को यह भी निर्देश दिया कि अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर बांधो का निरीक्षण करते है बाढ़ प्रभावित गांवों में लोगो को किसी भी प्रकार की समस्या न हो निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र एवं अन्य संबधित अधिकारीगण उपस्थित थे।



# रेड क्रास के सेवा भावना से सीख लेने जरूरत जिलाधिकारी

C;jk nofj;k

देवरिया। गांधी जयंती और पूर्व प्रधान मंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती को रेडक्रास सोसायटी द्वारा समारोह पूर्वक अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया गया ᑊ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेडक्रास सोसाइटी की पदेन अध्यक्ष जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने सम्बोधित करते हुये कहा कि हमें रेड क्रास के स्वयंसेवकों की सेवा भावना से सीख लेने की जरूरत हैं। रेडक्रास की सेवा भावना अनुकरणीय है। विभिन्न आपदाओं के समय इस संस्था के स्वयंसेवकों ने निःस्वार्थ भाव से बढ़–चढ़कर राहत कार्य मे भाग लिया है। रेड क्रास सोसाइटी के उप सभापति अखिलेन्द्र शाही ने अपने सम्बोधन मे कहा कि रेड क्रॉस अपनी सेवा के लिए पूरे विश्व में जाना जाता है। मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ राष्ट्र पिता महात्मा गांधी और जय जवान जय किसान नारा के प्रणेता पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के छाया चित्र पर पुष्पांजलि करने के बाद समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सेवको सहित सरकारी सेवकों को अंगवस्त्र सहित प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिसमे प्रधानाचार्य, अजय कुमार शाही,कैप्टन संतोष चौरसिया, सीडीपीओ देवेंद्र सिंह, सूर्यभान गौतम, अवधेश सिंह, नेहरू युवा केंद्र गरिमा पाण्डेय, स्वास्थ्य विभाग के डा. एस के सिन्हा डा. बी एन गिरि, समन्यवक सोशल आडिट, नीतू सिंह, समाजिक संस्थाओ में मारवाड़ी युवा मंच, बरनवाल युवा मंच, रोटरी क्लब, रेड क्रॉस से तारकेश्वर विश्वकर्मा गिरिजेश श्रीवास्तव, मनीष राज गुप्ता पं. गिरजेश मिश्र, सुनील गुप्ता, सुजीत मिश्र, धर्मेंद्र पांडे, अवधेश चौरसिया संतोष गुप्ता, पुलिस विभाग से मुख्य आरक्षी अमरेंद्र सिंह, आरक्षी अश्वनी त्रिपाठी आदि का नाम शामिल हैं। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा,रेड क्रॉस सोसाइटी के संरक्षक विष्णु अग्रवाल, अनिल तिवारी,सहित कई विभाग के अधिकारी सहित रेड क्रॉस के वालंटियर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रविकांत मणि त्रिपाठी ने किया।

# पितृ दोष से मुक्ति दिलाता है वृक्षारोपण–प्राणेश

चित्रकूट(आरएनएस)। सर्व पैत्री अमावस्या एवं गांधी जी व शास्त्री जी की जयंती के पर जेपी इण्टर कालेज में ध्वजारोहण, पुषांजलि और गांधी जी के प्रिय भजन के गायन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इसके बाद प्रबंधक जेपी मिश्रा के साथ स्टाफ की उपस्थिति में वृक्ष मित्र रामलाल द्विवेदी प्राणेश के सौजन्य से फलदार जामुन का पौधा रोपित किया गया। श्री द्विवेदी के अनुसार पौधे लगाने से पितृ दोष की निवृत्ति होती है और पीपल के पांच पौधे लगाने से समाज को बेहतर आक्सीजन मिलने के कारण सारे दोषों से निजात के साथ सर्व सुखों की प्राप्ति होती है। इसके पूर्व कवि प्राणेश ने सीआईसी परिसर में सूख चुके आंवला की जगह आम का पौधा ट्री गार्ड के साथ रोपित किया। तरौंहा रोड एसपी आवास के पास लोगों द्वारा तोड़े गए, नष्ट किए गए पौधों की जगह आंवला, आम, बेल, अशोक आदि के पौधो दुबारा लगाए हैं। उन्होंने कहा कि पौधे नष्ट करने वाले लोगों को नहीं मालूम कि वृक्ष समाज का कितना बड़ा उपकार करते हैं। एक पौधा सौ पुत्रों के बराबर पुण्यदाता एवं उपकारी होता है।

# सड़क हादसों में सात लोग घायल, एक रेफर

चित्रकूट(आरएनएस)। सड़क हादसों मे आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गये। जिन्हे जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार देकर एक घायल को प्रयागराज रेफर किया है। पहली दुर्घटना मानिकपुर थाना क्षेत्र के सरैया के पास की है। रैपुरा थाना क्षेत्र के कौबरा गांव निवासी साहिल मिश्रा (12) पुत्र शिवसागर, नवीन पुत्र जीतेन्द्र मिश्रा, गोलू पुत्र अयोध्या प्रसाद मिश्रा बाइक से कोतवाली क्षेत्र के लौढ़िया गांव निमंत्रण खाने आये थे। वापस घर जाते समय सरैया के पास पहुंचे तो बाइक के सामने कुत्ता आ गया। जिससे तीनो बाइक समेत गिर गये। जब लोगो ने देखा तो तीनो को उपचार के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने प्रथमिक उपचार देकर साहिल की हालत नाजुक देख प्रयागराज रेफर किया।

इसी क्रम मे कोतवाली क्षेत्र के बनकट गांव निवासी सोनू द्विवेदी (19) पुत्र मेधा द्विवेदी, पहाड़ी थाना क्षेत्र के इटवा गांव निवासी मैयादीन (35) पुत्र भूरा, नन्दकिशोर पुत्र गुरु प्रसाद (32), मप्र के नयागांव थाना क्षेत्र के पथरा पालदेव निवासी शारदा (14) पुत्र राजू सड़क दुर्घटना मे घायल हो गये। जिन्हे जिला अस्पताल मे चिकित्सा दी गई है।

# एसएसआईएस के छात्र–छात्राओं ली स्वच्छता की शपथ

चित्रकूट(आरएनएस)। सुषमा स्वरूप इंटरनेशनल स्कूल अशोह में स्वच्छता ही जीवन के उद्देश्य को लेकर छात्राओं ने विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक व खेलकूद कार्यक्रम का आयोजन किया। एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत प्रधानाचार्य नीतू वर्मा ने शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ पौधरोपण किया। स्वच्छता ही सेवा कैंपेन के अंतर्गत छात्र, छात्राओं को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी में विद्यालय की तरफ से भ्रमण कराया गया। जहां बच्चों ने स्वच्छता की शपथ ली। इस दौरान सीएचसी के अधीक्षक उदय प्रताप सिंह, डॉ सुधीर सिंह ने स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता पर सारगर्भित व्याख्यान देकर प्रेरित किया। इस मौके पर शिक्षक संतोष कुमार यादव, कामता प्रसाद आदि मौजूद रहे।

# मां भगवती की आराधना को मंदिरों में उमड़ी भीड़

चत्रकूट(आरएनएस)। शारदीय नवरात्र का शुभारंभ गुरुवार से हो गया। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक सभी मंदिर सज गए। देवी पंडालों में विधिविधान से दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई। साथ ही घरों में कलश स्थापना कर मां भगवती की आराधना शुरू की गई। तड़के से देवी मंदिरों में जल स्नान को भारी भीड़ उमड़ी।

शारदीय नवरात्र को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। मां भगवती की उपासना से सभी प्रकार के कष्ट दूर होते हैं। पहले दिन देवी शैलपुत्री की पूजा आराधना पूरे विधविधान से मंदिरों में हुई। सुबह से ही क्षेत्र के प्रसिद्ध देवी मंदिरों में पूजा को लोगों की भीड़ उमड़ी। इसके साथ ही शाम को रंगबिरंगी लाइटो व आकर्षक पंड़ालों में विराजमान दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन को लोग घरों से बाहर निकले। देवी साधकों ने जवारे बोकर साधना शुरू कर दिया। नौ दिनों तक आदिशक्ति की साधना, भक्ति, पूजा का सिलसिला चलेगा। लोगों ने घरों में भी कलशा स्थापना कर पूजापाठ किया। सुरक्षाा के मद्देनजर देवी मंदिरों में पुलिस बल तैनात रहा।

# शांति देवी कालेज ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में मारी बाजी

## –दो अक्टूबर को पुरस्कृत किए गए विजेता प्रतिभागी

पहाड़ी (चित्रकूट) (आरएनएस)। आयुष्मान बानप्रस्थ विश्वविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में शांति देवी इंटर कॉलेज ने बाजी माारी है।आयुष्मान वानप्रस्थ विश्वविद्यालय में विश्व अहिंसा दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाली जनपद स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में शान्ती देवी पब्लिक स्कूल और शान्ती देवी इंटर कॉलेज पहाड़ी के छात्र, छात्राओं का विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दबदबा बना रहा। इस प्रतियोगिता में जनपद के 16 उच्च स्तरीय विद्यालयों के लगभग दो हजार छात्र, छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी प्रतियोगिताओं में 88 छात्र, छात्राएं विजेता रहे। जिनमें 53 छात्र, छात्राएं शांति देवी इंटर कॉलेज एवं शांति देवी पब्लिक स्कूल से रहे। दो अक्टूबर को अंतिम चित्रकूट इंटर कॉलेज के सभागार में जन समुदाय एवं निर्णायक मंडल की उपस्थिति में सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता संपन्न हुई। जूनियर एवं सीनियर दोनों वर्गों के 5–5 छात्र, छात्राओं की टीम ने सबसे अधिक प्रश्नों के सही उत्तर देकर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जनपद स्तर में निबंध प्रतियोगिता पर गोविंद सिंह कुशवाहा कक्षा चार ने प्रथम, अतुल साहू कक्षा पांच ने द्वितीय, अंश यादव कक्षा पांच ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर संवर्ग में शिवांशी देवी व खुशी मिश्रा कक्षा आठ, नीलम कक्षा सात क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर संवर्ग में प्राची त्रिपाठी कक्षा 12, शिवानी देवी व राधा देवी कक्षा 11 क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान हांसिल किया। भाषण प्रतियोगिता में जूनियर संवर्ग में खुशी मिश्रा प्रथम, जान्हवी मिश्रा द्वितीय, सीनियर संवर्ग में प्रीति देवी प्रथम व साहिल ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार सामान्य ज्ञान की लिखित परीक्षा में प्राइमरी संवर्ग से अक्षत शुक्ला प्रथम, गोविंद सिंह कुशवाहा द्वितीय एवं शिवा यादव तृतीय स्थान पर रहे। जूनियर संवर्ग में राजू प्रसाद, खुशी मिश्रा, रोहित सिंह एवं सीनियर संवर्ग में प्राची त्रिपाठी, धर्मेंद्र कुमार, रमन तिवारी, सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी में प्राची त्रिपाठी, नैतिक सिंह, रमन तिवारी, सुमित सिंह, खुशी मिश्रा, राजू प्रसाद, जानवी मिश्रा, आलोक प्रथम स्थान पर रहे। दो अक्टूबर को ही सभी विजेताओं को शील्ड, मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने सफल छात्र, छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# पीटीओ ने चलाया प्रर्वतन अभियान

चित्रकूट। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन प्रवर्तन विवेक कुमार शुक्ला ने बताया कि सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के क्रम में यात्री एवं माल कर अधिकारी दीप्ति त्रिपाठी ने प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान व्यावसायिक वाहनों, ट्रैक्टर ट्रालियों के पीछे रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप, बैक लाइट, फांग लाइट के मानक अनुरूप लगे होने एवं क्रियाशीलता के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इसके संबंध में वाहन चालक, परिचालकों को विस्तृत जानकारी दी गई। आमजन को यातायात के नियमों की जानकारी भी दी गई।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित। सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।